CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 14 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 274 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082

15 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :35°C, न्यूनतम: 20°C

सेंसेक्स 81,148.22 निफ्टी 24,578.35

सोना 97,140 चांदी 97,900



**गाजा में नाकाबंदी: 57 बच्चों की भूख से मौत**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## CBSE 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित

# लड़कियों ने फिर मारी बाजी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**10वीं में 93.60%**

**12वीं में 88.39%**

**परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण**

■ 10वीं में परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत रहा अधिक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें 10वीं में 93.60 प्रतिशत और 12वीं में 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की 10वीं और 12वीं दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। 12वीं में छात्राओं की सफलता दर 91.64 प्रतिशत रही, जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने 10वीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों -शेष पृष्ठ दो पर

# न्यायमूर्ति गवई आज लेंगे 52वें सीजेआई की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले होंगे दूसरे व्यक्ति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बुधवार (आज) को उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनकी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के बाद हुई है। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह 23 नवम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। वह प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं।

## अमेरिका खामखा चौधरी न बने

# कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत की दो टूक, हम पाक के साथ आपस में मिल बैठकर निपटालेंगे मामला

■ पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा, विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के दो दावे नकारे

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे।

दरअसल, भारत के इस जवाब को जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों देशों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। 10 मई को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच सीजफायर होने की जानकारी दी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर ही बात होगी। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। जायसवाल ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। ट्रम्प ने 12 मई को दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि अगर वे युद्धविराम पर सहमत होते हैं, तो अमेरिका उन्हें व्यापार में मदद करेगा। अगर नहीं मानते हैं, तो उनके साथ कोई व्यापार नहीं होगा। इसके बाद दोनों देश सीजफायर पर सहमत हो गए थे।

# दुनिया में हुई ऑपरेशन सिंदूर की गूंज, अबकी बार मिट्टी में मिला देंगे: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**70 देशों को बताया ऑपरेशन का सूरतेहाल**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर उसकी ओर से किसी तरह का आतंकवादी या सैन्य दुस्साहस किया जाता है, तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने में कसर नहीं छोड़ेगा। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर बनी सहमति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह सवेरे आदमपुर वायुसेना स्टेशन पहुंचे और वहां मौजूद वायुयोद्धाओं तथा अन्य जवानों से बातचीत की। पाकिस्तान ने इस वायु सेना स्टेशन पर लड़ाकू विमानों तथा ड्रोन से असफल हमले का प्रयास किया था। श्री मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया, जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है, तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था, यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई आतंकी हमला होगा, तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और ऑपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नॉर्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिए हैं। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे । दूसरा भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक -शेष पृष्ठ दो पर

## शोपियां में सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराए हैं। भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिलने के आधार पर शोकल केलर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि अभियान के दौरान, आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों ने माकूल जवाब दिया। इस दौरान तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 13 मई 2025 को, शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने तलाश अभियान शुरू किया।

## विधायक रमाकांत यादव समेत 4 को तीन माह की सजा

**आजमगढ़।** उप्र में आजमगढ़ जिले की दीवानी न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वर्तमान बाहुबली विधायक व पूर्व सांसद रमाकांत यादव समेत चार अभियुक्तों को एक मामले में धारा 1423 आईपीसी के तहत तीन माह के कारावास एवं एक एक हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसी मामले में धारा 341 आईपीसी के तहत एक माह के कारावास एवं 300 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है । सिविल जज सीनियर डिवीजन एमपी एमएलए कोर्ट अनुपम त्रिपाठी ने मंगलवार को यह सजा सुनाई।

## एयर इंडिया व इंडिगो ने सुरक्षा कारणों से रद्द की कई उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश के मौजूदा हालात को देखते हुए विमानन कंपनी एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवरा को उत्तर और पश्चिम भारत के कई शहरों के लिए अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया। एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानों को मंगलवार के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

# सम्भल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

■ इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई पूरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सम्भल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन सम्भल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि सम्भल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था। न्यायालय ने सम्भल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया।

# खुलासा: पहलगाम हमले से पहले सैटेलाइट इमेज के ऑर्डर मिले थे

नई दिल्ली, वार्ता



■ पाकिस्तानी फर्म से अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने पार्टनरशिप खत्म की

**22 अप्रैल** को पहलगाम में आतंकी हमले से पहले इस इलाके की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई थीं।

अमेरिका की स्पेस टेक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस को पहलगाम और उसके आस-पास के इलाकों की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरें देने के लिए बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिले थे। द प्रिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 से 22 फरवरी 2025 के बीच, मैक्सार टेक्नोलॉजीस को कम से कम 12 ऑर्डर मिले। यह सामान्य संख्या से दुगुना था। इस कंपनी के ग्राहकों में पाकिस्तान की बिजनेस सिस्टम्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) भी शामिल थी। इस कंपनी का नाम अमेरिका में हुए संघीय अपराधों से जुड़ा हुआ है। अब मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने बीएसआई से अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार डेटा से यह स्पष्ट नहीं है कि पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के ऑर्डर बीएसआई ने दिए थे या नहीं। पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के लिए ऑर्डर जून 2024 से ही आने लगे थे। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले। हर एक सैटेलाइट तस्वीर की कीमत 3 लाख रुपये से शुरू होती है और रेजोल्यूशन के अनुसार इनकी कीमत बढ़ती जाती है। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले।



# सड़क हादसे में दो की मौत

## आठ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भात न्योत कर लौट रहे ग्रामीणों के ट्रैक्टर में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार महिला तथा कार चालक की मौत हो गई। दुर्घटना में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कोतवाली देहात तथा समीपुर के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

ग्राम रहमापुर निवासी नत्थू कश्यप की पुत्री का विवाह 19 मई को होना है। नत्थू कश्यप के पुत्र राक.ेश कश्यप के साथ गांव की महिलाएं भात न्योतने ग्राम भरैकी गए थे। भात न्योतने के बाद लौटते समय जब ट्रैक्टर ग्राम हिंदूपुर के पास आया, तब पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रिपलर के भीतर घुस गई। इस दौरान चीख पुकार मच गई। ट्रिपलर पर बैठी महिला मुकेश देवी पत्नी प्रीतम सिंह (58 वर्ष) निवासी ग्राम रह्मापुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार चालक सतेंद्र, सुभाष, रानी देवी, विनोद देवी सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर तथा पीएचसी कोतवाली देहात ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। कार चालक सतेंद्र की हालत बेहद नाजुक थी, जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त कार को थाने ले आई है।

### हरियाणा निवासी है दूसरा मृतक सतेंद्र

सतेंद्र कुमार हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था। सतेंद्र का भाई प्रदीप कुमार हरिद्वार काशीपुर हाईवे में एनएचएआई के अंतर्गत कार्य करने वाले ठेकेदार के साथ काम करता है। सतेंद्र अपने भाई प्रदीप के साथ ही रहता था। दुर्घटना में सत्येंद्र के गले पर गंभीर चोट लगी थी। पीएचसी कोतवाली देहात से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था लेकिन रास्ते में ही सतेंद्र ने दम तोड़ दिया।

# हेरिटेज होटल के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना का संचालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा हेरिटेज होटल के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना का संचालन किया गया है, जिसके अंतर्गत विरासत होटल के लिए अनिवार्य है कि 1950 से पूर्व निर्मित पुराने भवनों, किलों, हवेलियों, कोठियों व महलों को होटल के रूप में संचालित किए जाने पर हेरिटेज होटल की श्रेणी में शामिल किया जाएगाएगा।

हेरिटेज होटल के लिए होटल का भवन 1950 से पहले का बना हुआ हो तथा इसमें न्यूनतम पांच कमरे होना अनिवार्य हैं जबकि हेरिटेज क्लासिक होटल भवन के लिए 1935 से पहले का निर्मित होना जरूरी है तथा इसमें न्यूनतम 15 कमरे अनिवार्य रूप से होने चाहिए। उन्होंने बताया कि हेरीटेज ग्रैंड होटल का भवन 1920 से पहले का निर्मित हो और इसमें न्यूनतम 15 कमरे अनिवार्य रूप से बने हुए हो जबकि विरासत ग्रह प्रवास पर्यटन इकाइयां, जिसमें पर्यटक सामान्य निवास स्थान में गृह स्वामी या उसके परिवार के किसी सदस्य के साथ रहता है। हेरीटेज होम स्टे का भवन 1950 से पहले का बना हुआ होना चाहिए और इसमें कम से कम दो से चार कमरों का संचालन किया जाना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी में यह भी बताया कि हेरिटेज होटल के विशेष प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संरचना को प्रभावित किए बिना पूंजीगत लागत पर 25% सब्सिडी, 5 करोड़ तक के बैंक ऋण पर 5 वर्ष की अवधि के लिए 5% सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी तथा भूमि उपयोग परिवर्तन पर 100% छूट, पहले वर्ष के उत्पाद शुल्क पर 50% प्रतिपूर्ति, प्रमुख मार्गो तथा प्रचार एवं प्रसारण के साथ संकेतक की व्यवस्था तथा पूंजीगत सब्सिडी तथा ब्याज सब्सिडी दोनों का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पात्र पूंजी निवेश रूपए 10 लाख से 10 करोड़ तक 25% सब्सिडी, 50 करोड़ तक 20%, 200 करोड़ तक 15%, 500 करोड़ तक 10% तथा 500 करोड़ से अधिक पर 10% सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने जिले के जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यटन विभाग की उपरोक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।


## एक नजर

### उमरा सुआलेह ने किया नाम रोशन



**स्योहारा।** स्टेशन रोड़ स्थित डा.सुआलेह अहमद के पुत्री ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में दसवीं कक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उमरा सुआलेह धामपुर के पुष्प निकेतन में शिक्षा ग्रहण कर रही है और हमेशा वोह शिक्षा पर पूरा ध्यान लगाती हैं। उमरा सुआलेह ने कहा कि वोह बड़े होकर अपने पिता के नक्शे कदम पर चलकर क्षेत्र के लोगों को इलाज मुहैया करेगी। उमरा सुआलेह ने कहा कि वो एक अच्छी और ईमानदारी के साथ काम करने वाली चिकित्सक बनना चाहती हैं।

### मधुर मेमोरियल स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**स्योहारा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के द्वारा कक्षा 12 के बोर्ड रिजल्ट जारी किया गया। मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। स्कूल के सभी छात्र सफल घोषित किए गए हैं, जिससे शिक्षकों अभिभावकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। इस वर्ष के परिणामों में ख्याति माहेश्वरी ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 93.8% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हर्षित कुमार ने 91.6% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि सारिका यादव ने 88.6% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने अभिभावकों को दिया। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम देखकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधानाचार्य मैराज उददीन एवं स्कूल के मैनेजर आलोक अग्रवाल एवं डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और स्कूल की ओर से सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा भी की। यह सफलता एक बार फिर प्रमाणित करती है कि मधुर मेमोरियल स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी है।

### लाम्बा स्कूल का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**अफजलगढ़।** लाम्बा कांवेन्ट स्कूल पैवन्द खेडी कादराबाद कक्षा 12 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें अरबाज हुसैन ने 85% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया और तरुण शहलौत ने 79% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सबा राइन ने 18% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया और आफिया खान ने 77% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा चारों विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय तथा माता-पिता का नाम रोशन किया। वहीं प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह लाम्बा व प्रधानाचार्य अमित कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध की मांग



**किरतपुर।** नगर व क्षेत्र में चाइनीज मांझे से हो रहे लगातार हादसों को लेकर नगर के युवाओं में गहरी चिंता व्याप्त है। इसी सिलसिले में किसान मजदूर महासंग्राम व जागरूक लोगों ने स्थानीय थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। किसान महासंग्राम के कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह चाइनीज मांझा की बिक्री और उपयोग पर सख्ती से रोक लगाए। साथ ही, इस संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराए। थाना प्रभारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री व उपयोग पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द ही ठोस कदम उठाकर इस जानलेवा धागे पर रोक लगाएगा, जिससे भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# आर.आर. पब्लिक स्कूल के सत्यम रहे प्रथम स्थान पर





## आईएएस बन कर देश की सेवा करना चाहता है सत्यम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** आर आर पब्लिक स्कूल के छात्र सत्यम यादव ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा में 94% अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र सत्यम यादव का कहना है कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है।

छात्र सत्यम यादव ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। उनका कहना है कि वे शिक्षकों के सहयोग रहा।

स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता के अनुसार स्कूल के 13 बच्चों ने 90 से 80 प्रतिशत व 30 बच्चों ने 80 से 70 प्रतिशत अंक हासिल किए। बारहवी कक्षा में सत्यम यादव ने 94% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीतिका ने 89.4% अंक हासिल कर द्वितीय, तौशही अहमद ने 86.8% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने स्कूल का नाम रोशन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों को स्कूल के प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और शुभकामनाएं भेंट की।

इस मौके पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, संजीव डबास, चंचल कटारिया, विरेन्द्र सिंह, अनुराग शर्मा, नीरज त्यागी, मुकुल शर्मा, अजय चौहान, कपिल बब्बर, प्राची चौहान, रश्मि बंसल आदि मौजूद रहे।

# शिखर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

## छात्र-छात्राओं ने किया क्षेत्र का नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के प्रतिष्ठित शिखर शिशु सदन स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन का प्रमाण देते हुए शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल परीक्षा में दीया त्यागी ने 97% अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। वहीं ध्रुवराज ने 95.4%, यशिका सिसौदिया ने 94.2%, भव्य राजपूत और अरनब राजपूत ने संयुक्त रूप से 92.4% अंक प्राप्त किए। आकांक्षा भटनागर, सफल राज दिवाकर, अंशिक राजपूत और भव्य दीप राणा ने 92% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रिया ने 98.20% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। बुलबुल ने 97%, सुहानी राजपूत ने 95.40%, त्रशि ने 95%, वंशिका विश्नोई ने 94.2% और अंशिका रस्तौगी व अर्पित चौहान ने 94% अंक अर्जित किए। अदिति राजपूत और माही चौहान ने 93% अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। विद्यालय में परिणाम घोषित होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भारती यादव ने सभी मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के मैनेजर नरेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने छात्रों को निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी और परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर आरएन सिंह, विपिन कुमार, अतुल कुमार, गुरप्रीत सिंह सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय के इस गौरवपूर्ण परिणाम पर प्रसन्नता जताई।

# कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झालू मार्ग पर गांव विलासपुर को जाने वाले रास्ते के पास कार की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसके हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

नहटौर क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी 21 वर्षीय प्रिंस पुत्र विजय सिंह बाइक से नहटौर आ रहा था। मंगलवार की सुबह करीब 10:00 बजे झालू मार्ग पर गांव विलासपुर को जाने वाले रास्ते के पास एक कार से बाईक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दौरान बाइक सवार सड़क किनारे खड़े विद्युत खंभे से भी टकरा गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

## दूसरा गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

देहरादून निवासी संदीप पुत्र जसवीर मोटरसाइकिल से नहटौर की ओर जा रहा था। वहीं नमन पुत्र मुकेश विपरीत दिशा से आ रहा था। जैसे ही दोनों बाईक सवार ग्राम करौंदा पचदु के निकट पहुंचे वैसे ही दोनों मोटरसाइकिल की आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों बाईक सवार नीचे गिर गए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात लेकर आई। जहां चिकित्सक ने संदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि नमन की गंभीर हालत देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस को मृतक की जेब से मिली आईडी के अनुसार उसकी पहचान हुई। पुलिस के अनुसार परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ में 'मूट कोर्ट' प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर में 'मूट कोर्ट' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के संस्थापक राजीव कुमार के पिताजी स्व. महाराज सिंह की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र/छात्राओं की 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में नवगठित 'महाराज सिंह स्मृति मूट कोर्ट समिति' तत्वाधान में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण देशवाल, एडवोकेट, एसबी लॉ कालेज, बिजनौर के प्राचार्य डा. सय्यद मेहरुल हसन व जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) हुकुम सिंह महाविद्यालय संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कालेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने माँ सरस्वती के समक्ष संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण देशवाल, एडवोकेट, एसबी लॉ कालेज, बिजनौर के प्राचार्य डा. सय्यद मेहरुल हसन व जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) हुकुम सिंह रहे। टीमों का मूल्यांकन मौखिक बहस, विधिक शोध तथा मेमोरियल इत्यादि के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता के विजेता अम्मार हसनैन, काव्य शर्मा व अचल मित्तल की टीम रही जबकि उपविजेता तनिश्का वर्मा, मसीयत जैदी व मदीहा जमशेद की टीम रही। उत्कृष्ट वक्ता समरीन तथा उत्कृष्ट मेमोरियल - अम्मार हसनैन, अचल मित्तल तथा काव्य शर्मा की टीम को मिला। चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण देशवाल ने महाविद्यालय के द्वारा मूट कोर्ट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए समस्त स्टाफ की सराहना की तथा छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्र/छात्राओं को एक अच्छा अधिवक्ता व न्यायविद बनने में सहायक सिद्ध होती हैं। समिति के संयोजक अभिषेक प्रताप सिंह व सह संयोजिका दीपिका सिंह ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर, वरिष्ठ प्रवक्ता डा. एम.ए. खान, शिक्षक दीपिका सिंह, शिव कुमार, आफाक अहमद, विशाल विक्रम सिंह, श्रीमति पूजा ठाकुर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने छात्र/छात्राओं को शुभाकामनाएं दी व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सीबीएसई...** (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। सीबीएसई ने मंगलवार को ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। 12वीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है। परीक्षा देने वाले 16,92,794 छात्र-छात्राओं में से 14,96,307 उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.29 प्रतिशत उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के साथ सूची में शीर्ष पर रहे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) ने भी 98.96 पास प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अन्य श्रेणियों में, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत 91.57 रहा और सरकारी स्कूलों ने 90.48 प्रतिशत दर्ज किया। इस बार स्वतंत्र (निजी) स्कूल ने थोड़े पिछड़ते हुए भी 87.94 प्रतिशत का पास प्रतिशत हासिल किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि 12वीं की परीक्षा में प्रयागराज परीक्षाफल तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें करीब 80 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई कक्षा 10वीं की 2025 परीक्षाएं 26675 स्कूलों के 7837 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 स्थानों पर आयोजित की गईं।

**दुनिया में...** के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नए रूप को देखते हुए आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है, जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूं.जती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा कि जब हमारे वीर जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूक्लियर ब्लैकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं, तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया, तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन वे भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु योद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी, तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायुसेना, नौसेना, सेना और बीएसएफ के वीरों को सलाम करता हूं। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं से कहा कि उनके पराक्रम की वजह से ऑपरेशन सिंदूर की गूंज हर कोने से सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खडा रहा, उनकी प्रार्थना आपके साथ रही। हर देशवासी सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ और ऋणी है। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया कि यदि निर्दोष लोगों की मौत होगी, तो विनाश तथा महाविनाश होगा। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे आतंकवादी बैठे थे, भारतीय सेनाओं ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान का ऐसा कोई ठिकाना नहीं है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बदले का मौका भी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों की सोच कर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। मोदी ने स्वदेशी हथियारों की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से जुड़ी कविता की पंक्तियों का हवाला दिया और कहा कि ये पंक्तियां भारत के स्वदेशी और आधुनिक हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं की वीरता तथा दृढ़ता का उल्लेख किया और कहा कि आपने इस कार्रवाई से देश का आत्मबल बढ़ाया है देश को एकता के सूत्र में बांधा है। सीमाओं की रक्षा की है, स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी है। आपने अभूतपूर्व और अकल्पनीय अदभुत काम किया है। प्रधानमंत्री ने वायु योद्धाओं से कहा कि आपकी कार्रवाई से पाकिस्तान के एयर बेस ही नहीं उनके नापाक इरादे तथा दुस्साह दोनों की हार हुई है। उन्होंने तीनों सेनाओं तथा अन्य बलों के बीच तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि सभी के बीच तालमेल शानदार था और ऑपरेशन सिंदूर का एक-एक क्षण भारतीय सेनाओं के सामर्थ्य की गवाही देता है। उन्होंने कहा कि नौसेना ने समुद्र पर दबदबा बनाकर रखा, सेना ने बॉर्डर पर मजबूती रखी और वायुसेना ने प्रहार भी किया और रक्षा भी की, तो बीएसएफ भी मोर्चे पर मजबूती से डटी रही। वायु रक्षा प्रणाली ने भी शानदार काम किया और यही एकीकरण है तथा यह सेनाओं की मजबूत पहचान बन चुकी है। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने भारत-पाक संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में नए युग के युद्ध में सैन्य श्रेष्ठता के माध्यम से भारत की शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रदर्शन किया गया। ले. जनरल राणा ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए थल सेना और वायुसेना के सटीक ऑपरेशन तथा जोरदार जवाब के बारे में चर्चा की। बातचीत के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की युद्ध प्रभावशीलता के साथ संयुक्तता और एकीकरण के माध्यम से हासिल समन्वित बल प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने पाक के द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी दुष्प्रचार अभियान और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव का की भी जानकारी दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काशीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -

हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी

प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चांद के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

## पुलिस मुठभेड़ में दोनों के पैर में लगी गोली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** भतीजे का अपहरण कर उसकी हत्या करने व शव को नहर में फेंकने के आरोपी चाचा व चचेरे भाई को पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है। मुठभेड़ में दोनों हत्यारोंपियो के पैर में गोली लगी है। जबकि मृतक के दो आरोपी चाचा अभी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम अलीदादपुर खजवा उर्फ कोपा के वाहिद का 16 वर्षीय पुत्र चांद 07 मई से गुम हो गया था, जिसके अपहरण की रिपोर्ट उसकी माता सलमा ने अज्ञात के विरुद्ध अपराध संख्या 69/25 पर धारा 137( 2 ) बी.एन.एस. के अंतर्गत दर्ज करायी थी। पुलिस व परिजन अभी लापता चांद को तलाश कर ही रहे थे कि 11 मई को उसका शव शेरकोट व धामपुर के बीच नहर से बरामद हुआ हो गया। इस मामले मे शक की सुई मृतक चांद के चाचा जुल्फकार की तरह घूम रही थी। क्योंकि कुछ दिन पहले पारिवारिक झगड़े के दौरान मृतक चांद ने जुल्फकार के साथ मारपीट कर दी थी, जिसके लिए चांद ने बाद मे माफी भी मांग ली थी। लेकिन इस बात को जुल्फकार भूल नहीं पाया और उसने अपनी बेइज्जती का बदला लेने के लिए अपने पुत्र रिहान व दो भाइयों नईम व दानिश की मदद से चांद की हत्या को अंजाम दिया। जिसकी पुष्टि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से की है जिसमें चांद को अंतिम बार जुल्फकार व उसके पुत्र के साथ कार में जाते देखा गया है।

पुलिस के अनुसार घटना को जुल्फकार ने अपने भाई नईम व दानिश व पुत्र रिहान की मदद से अंजाम दिया है। इस मामले मे पुलिस ने शव की बरामदगी व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जुल्फकार, नईम व दानिश पुत्रगण स्व. बरकत व रिहाना पुत्र जुल्फकार के विरुद्ध धारा 140( 1 ) व 103( 1 ) व 238/3 ( 5 ) बी.एन.एस.की बढोत्तरी की ओर आरोपियों की गिरफ्तारी को टीम गठित की। इसी क्रम मे पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षण मृदुल कुमार के नेतृत्व में 13 मई को रात्रि 3.50 बजे रोड चेकिंग के दौरान मुख्य आरोपी जुल्फकार व उसके पुत्र रिहान को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया है। इस मुठभेड़ में दोनों आरोपी पिता-पुत्र के पैर में पुलिस की गोली लगी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से इको कार डीएल12सीवी 4048 व एक तमंचा 315 बोर मय एक खाली खोखा व तीन जिंदा कारतूस बरामद करने का दावा किया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां से उपचार के बाद अदालत में पेश किया जायेगा। शेष दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने भागने की कोशिश की थी और पुलिस पर फायर किया था। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों घायल हुए है।

# पेपर देकर लौटते समय छात्र का मोबाइल लूटा

## पुलिस जांच में जुटी

**मंडावर।** क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां बीकॉम थर्ड ईयर के छात्र ओवैस पुत्र अतीक निवासी मौहल्ला अफगानान, किरतपुर, का मोबाइल बाइक सवार युवकों ने लूट लिया। घटना मंडावर क्षेत्र के संघटक राजकीय महाविद्यालय मीरपुर बांगर के पास की है।

जानकारी के अनुसार, ओवैस का मंगलवार को कॉलेज में पेपर था। पेपर देकर वह विद्यालय से निकला तो गवलीपुर के पास तीन बाइक सवार युवकों ने उसकी बाइक रोक ली। युवकों ने ओवैस की तलाशी ली और कुछ न मिलने पर उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घबराए ओवैस ने तुरंत 112 पर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मंडावर थाना अध्यक्ष सरोज कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। हालांकि, जब इस मामले में थाना अध्यक्ष से बात की गई, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

## एक नजर

### कूड़ा निस्तारण संयंत्र केंद्र में लगी आग



**नहटौर।** गांव कासमपुर लेखराज के जंगल में गांगन नदी के तटबंध के पास कूड़ा निस्तारण संयंत्र केंद्र बना हुआ है। जिस पर नहटौर नगर का कूड़ा एकत्रित किया जाता है। बताया जाता है कि कूड़ा निस्तारण संयंत्र केंद्र में पड़े हुए कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। मंगलवार की सुबह को आग लगे पर हड़कंप मच गया। आग की लपटे व धुंआ देखकर आसपास के किसान भी कूड़ा निस्तारण संयंत्र केंद्र पर पहुंच गए। नगर पालिका के कर्मचारियों ने पानी के टैंकर ले जाकर घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद बामुश्किल आग पर काबू पाया।

### नगीना देहात में चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने ग्राम नेकपुर निवासी रोहताश व मलखान पुत्रगण टीकम सिंह एवं ग्राम रानीकोटा निवासी विजय सिंह व राज.श पुत्रगण गोकल सिंह को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया है।

### रायपुर का राजेन्द्र गिरफ्तार

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने रायपुर चुंडैली निवासी राजेन्द्र पुत्र झबरे सिंह को युवति के साथ छेड़छाड़ एवं विरोध करने पर उसे धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### चांदपुर में सुरेन्द्र सहित तीन अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने थाना नजीबाबाद के ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी निवासी सुरेन्द्र पुत्र तेजपाल थाना कोतवाली देहात के ग्राम शाहपुर उर्फ हिन्दूपुर निवासी अनीस पुत्र मौहम्मद युसूफ एवं चांदपुर के ग्राम नीमपुर बुजुर्ग निवासी शाहरून पुत्र सलीम को तीन कुंटल तार व अन्य सामान सहित गिरफ्तार किया है। इनके पास से बाइक भी बरामद की गई है। इनके द्वारा लगभग चार-पांच माह पूर्व ग्राम सदनपुर से महदूदनसो के बीच से विद्युत लाइन के तार काटे गए थे।

### मण्डावर का दिनेश राठी गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने थाना मण्डावर के ग्राम मौहम्मदपुर देवमल निवासी दिनेश उर्फ दीप राठी पुत्र मोहित राठी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### नहटौर में राशिद गिरफ्तार

**बिजनौर।** नहटौर पुलिस ने मौहल्ला नौधा निवासी राशिद उर्फ पच्चू पुत्र अतिकुर्रहमान को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### साआद उस्मानी ने जीता गोल्ड मेडल



**अफजलगढ़।** मोहल्ला नेजोसराय निवासी साआद उस्मानी ने हरिद्वार में आयोजित एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे अफजलगढ़ का नाम रोशन किया है। साआद ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह उपलब्धि हासिल की, जो अब इलाके के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है। साआद स्थानीय निवासी अब्दुल माजिद के पुत्र हैं। इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साआद ने अपनी जीत का श्रेय अपने परिवार, विशेषकर अपने पिता को दिया है जिनका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा उनके साथ रही। उनका कहना है, मेरे पिता की मेहनत और उनके समर्थन के बिना यह संभव नहीं था। साआद की यह जीत यह साबित करती है कि जब कोई व्यक्ति अपनी मेहनत और समर्पण के साथ किसी लक्ष्य की ओर बढ़ता है, तो वह सफलता जरूर प्राप्त करता है। उनका यह उदाहरण स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा है।

### लूट की सूचना निकली झूठी

**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने बताया कि कंटेनर चालक से लूट एवं पुलिस पर गंभीर आरोप में संबंध में सोशल मीडिया पर खबर वायरल हो रही थी। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कंटेनर संजय के नाम पंजीकृत है। संजय ने यह कंटेनर अतुल के माध्यम से संदीप कुमार को चलाने के लिए ठेके पर दिया था। संदीप ने उसे सत्वेन्द्र को दे दिया था। कंटेनर के मालिक संजय ने बताया कि वह अपनी गाड़ी की निगरानी जीपीएस के माध्यम से कर रहा था। तीन मई को दोपहर करीब दो बजे बिजनौर-नूरपुर की डेराबसी ढाबे के पास कंटेनर का जीपीएस सिंग्नल बंद हो गया। जिससे उसे शक हुआ कि कंटेनर किसी गलत व्यक्ति के कब्जे में चला गया है और उसने कोई अवैध गतितिविध हो सकती है। उसने अतुल से संपर्क कर कंटेनर को वापस लाने के लिए कहा। आठ मई को अतुल ने वीडियो कॉल के माध्यम से गाड़ी दिखाई की और बताया कि वह इस समय राजस्थान के चूरू जनपद के राजगढ़ में खड़ी है और लूट की कोई वारदात नहीं हुई है।

### सट्टे की खाईबाड़ी में एक गिरफ्तार

**नगीना।** पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक सुभाष तोमर, का. अंकित कुमार व अंकित सौलानिया गश्त करते हुए मोहल्ला जोशियान पहुंचे तो सूचना मिली कि विश्नोई सराय पुलिया से कस्बा कोटरा को जाने वाले रास्ते पर विश्नोई समाज का आम का बाग है। आम के बाग में बैठा एक व्यक्ति रास्ते से आने जाने वालों लोगों को आवाज लगाकर सीधे तौर पर सट्टे की खाई बाड़ी का काम कर रहा है। पुलिस वहां पहुंची तो वहां एक संदिग्ध व्यक्ति को सट्टा खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक कापी सट्टा खाईबाडी, एक नीला बाल पैन व 430 रूपये नगद मिले। विश्नोई सराय चौकी प्रभारी सुभाष तोमर ने बताया कि आरोपी शुभम विश्नोई पुत्र आदेश कुमार विश्नोई उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मौहल्ला विश्नोई सराय को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रूमाईशा ने किया स्कूल टॉप

## डॉक्टर बनकर सेवा करना उद्देश्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाफल घोषित होने पर ग्राम मानियावाला की ग्राम प्रधान की बेटी ने उत्तराखंड के एक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त परचम लहराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित होने पर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मानियावाला की ग्राम प्रधान शाहीन परवीन की बेटी रूमाईशा पुत्री तसव्वर कुरैशी वैली ऑफ फ्लावर स्कूल जसपुर उत्तराखंड की छात्रा ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट में 95% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप कर उसने अपने गांव व परिजनों का नाम रोशन किया। वैली ऑफ फ्लावर स्कूल के प्रबंधक मौहम्मद रिजवान एंव प्रधानाचार्य मौहम्मद आकिल ने रूमाईशा की कामयाबी का श्रेय स्कूल के अध्यापकों और परिजनों को समर्पित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। रुमाईशा ने बताया कि वह डॉक्टर बनकर गरीब जनता व देश की सेवा करना चाहती हैं।

# गुलदार के आबादी में घूमने से दहशत

## वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 दिनों से आबादी क्षेत्र के समीप गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारियों को पत्र लिखकर पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलीयारपुर के ग्राम प्रधान हरबंस सिंह व ग्रामीणों बलवीर सिंह, लाल सिंह, त्रिलोक सिंह, अर्जुन सिंह, परगट सिंह, गुरदीप सिंह, गोपी सिंह, बलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरमीत सिंह आदि ने वन क्षेत्र अधिकारी वानिकी विभाग नगीना क्षेत्र को लिखे पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत के गांव खैरल्लापुर मैं लगभग पन्द्रह दिनों से आबादी के समीप लगभग 300 मीटर के दायरे में गुलदार के देखे जाने से ग्रामीण में दहशत का माहौल है।

ग्रामीण व किसान खेतों पर काम करने तथा पशुओं के लिए चारा काटने जाने को लेकर भयभीत हैं, जिन्हें गुलदार के हमले का खौफ सता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार जिस स्थान पर देखा जा रहा है उसके पास से ही प्रात: छोटे-छोटे बच्चे स्कूल आते-जाते है जिन विद्यार्थियों पर गुलदार कभी भी जानलेवा हमला कर सकता हैं।

ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पड़ने की मांग की है।

# चोरी की बाइक के साथ दबोचा

## वाहन चैकिंग के दौरान रोकी थी बिना नम्बर प्लेट की बाइक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पुलिस ने संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को बिना नंबर प्लेट की बाइक सहित गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है मोटरसाइकिल चोरी की बताई जा रही है जिसकी रिपोर्ट उत्तराखंड के काशीपुर थाना क्षेत्र में दर्ज है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना अफजलगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में जसपुर रोड पर मनोहरवाली पड़ाव पुलिया के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी, तभी एक युवक सुआवाला की ओर से काली रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। बाइक पर आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं थी, जिस पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। बाइक की जांच में सामने आया कि उसका चेसिस व इंजन नंबर चोरी की बाइक से मेल खा रहा है। यह बाइक उत्तराखंड के जनपद ऊधमसिंह नगर स्थित काशीपुर के आईटीआई थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी और उसका मुकदमा वहां दर्ज है। वाहन का पंजीकरण नैनीताल निवासी विजय आर्य के नाम है। गिरफ्तार युवक की पहचान विशाल गिल पुत्र गुरमुख सिंह, निवासी गुरुद्वारे के पास, डेरा, ग्राम महसनपुर, थाना अफजलगढ़, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। युवक के पास बाइक के कोई कागजात नहीं दिखा सका। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और बाइक को कब्जे में ले लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुमित राठी, उपनिरीक्षक हरवीर, मुख्य आरक्षी राकेश कुमार, आरक्षी अभिषेक ढाका व आरक्षी मनीष कुमार शामिल रहे।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल के 10वीं के छात्र सोबान खालिद ने किया नहटौर टॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा सत्र 2024-25 कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परीणाम घोषित कर दिया गया, जिसमें स्कूल के कक्षा 10वीं के होनहार छात्र सोबान खालिद पुत्र डॉ. खालिद ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नहटौर टॉप किया। वहीं इसी कक्षा के वैभव त्यागी पुत्र संदीप कुमार त्यागी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व अभिनव कुमार पुत्र निपेन्द्र सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं कक्षा 12वीं मानविकी छात्रा गौरी त्यागी पुत्री प्रमोद त्यागी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया तथा कक्षा 12वीं वाणिज्य की छात्रा जसमिन्दर कौर पुत्री गुरदीप सिंह ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए द्वितीय व कक्षा 12वीं पीसीएम से दीपिका रानी पुत्री राजीव कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बोर्ड के परिणामों के अवसर पर स्कूल अध्यक्ष इं. आशीष सिंघल ने सभी छात्र-छात्राओं से भविष्य में इसी तरह परिश्रम करने का आह्वान किया व सभी सफल छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

# खो बैराज पर मौत की छलांग लगा रहे युवा

## गर्मी के मौसम में हर साल होती हैं कई मौते





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** गर्मी शुरू होते ही बैराज पर तांता लगना शुरू हो गया है। नहाने वाले सैकड़ों युवा लड़के काफी ऊंचाई से नहर में कूदते हैं। जबकि इस खो बैराज पर हर वर्ष गर्मी के मौसम में नहाने वालों में से एक या दो मौत होती आई है। लेकिन सिंचाई विभाग व प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

मालूम हो कि गर्मी का मौसम आते ही खो बैराज की पोषक नहर में नहाने वाले युवा लड़को का नहाना शुरू हो गया है। गर्मी के मौसम में खो बैराज पर शाम को परिवार के साथ मनोरंजन करने आने वाली महिलाओं व युवतियों को देखकर यह युवा लड़के अपनी वाहवाही लुटने के चक्कर में काफी ऊँचाई से नहर में कूदते है। जबकि इस खो बैराज पर अब तक ना जाने कितने माँ के लाल, बहनों के भाई मौत के आगोश में सो चुके है। लेकिन आज तक सिंचाई विभाग ने नहाने वाले युवाओं को रो.कने का कोई ठोस कदम उठाना गंवारा नहीं समझा। गर्मी का मौसम आते ही छोटे छोटे नाबालिग बच्चे भी कई कई फिट ऊपर से छलांग लगाते नजर आते है।

बुजुर्ग बताते है की जब से यह खो बैराज बनी है तब से अब तक गर्मी के मौसम में नहाने के कारण हजारों की मौत हो चुकी है। हर वर्ष नहाने के लिए युवा लड़के धामपुर, अफजलगढ़, स्योहारा सहित दूरदराज से नहाने आते है। लेकिन आज तक सिंचाई विभाग के अलावा भी किसी अन्य अधिकारी व किसी राजनेता ने इस ओर ध्यान देना गंवारा नहीं समझा और सिंचाई विभाग आँखे मुंदे तमाशा देखता आ रहा है। बैराज पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि वह नहाने वाले युवा लड़कों को रोकने कि कोशिश करते तो लड़के उनके साथ गाली गलोच करने पर उतारु हो जाते है। सिंचाई विभाग व अन्य उच्चाधिकारियों ने शीघ्र इस ओर ध्यान नहीं दिया तो कोई भी युवा मौत के आगोश में सो सकता है। नगर के मोहम्मद उमर, सलीम अहमद, सिराज सिद्दीकी, अफजाल अहमद, जुबेर अहमद, जुनैद अहमद, नदीम अहमद, जावेद अहमद आदि ने सिंचाई विभाग सहित अन्य उच्चाधिकारियों से बैराज पर नहाने वाले युवाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की माँग करते हुए बैराज पर सुरक्षा लगाये जाने की गुहार लगाई है।

### ऊंचाई से कूदने वाले युवकों पर होगी कार्यवाही : सीओ

**शेरकोट।** खो बैराज पर युवाओं द्वारा ऊंचाई से कूदकर नहाने के मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी से बात की। उन्होंने मामला संज्ञान में ना होने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों को तैनात कर नहाने वाले युवाओं पर कार्यवाही करने की बात कही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अपर गन्ना आयुक्त ने किया निरीक्षण

## विकास कार्यों को ग्राउंड स्तर पर देखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अपर गन्ना आयुक्त डॉ. बीबी सिंह द्वारा चीनी मिल चांदपुर के गन्ना विकास कार्यों को ग्राउंड स्तर पर भ्रमण करते हुए निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना कृषकों से वार्ता भी की। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान ग्राम रुकनपुर मे कृषक योगराज पुत्र राम सिंह का सहफसली का प्लाट देखा।

कृषक द्वारा गन्ने के साथ शिमला मिर्च, भिंडी, बैगन, खीरा लगाया गया हैं। सरकार द्वारा आय दुगुनी के क्रम में कृषकों द्वीरा सहफसली द्वारा गन्ने की खेती मे आने वाले कॉस्ट को आसानी से पूर्ति करते हुए अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में कृषक कपिल कुमार के यहां गन्ना +टमाटर +शिमला मिर्च बर्तमान मे फसल लगायी गई हैं। दोनों ही फसल में ग्रोथ प्रोडक्शन प्रसंशनिया हैं। कृषक द्वारा पूर्व मे आलू की फसल ली गई हैं। कृषकों द्वारा अपनायी जा रही तकनीक को डॉ. सिंह द्वारा प्रशंसा की गई। अपने विजिट के साथ ही सहक. ारी गन्ना विकास समिति चांदपुर एवं गन्ना विकास परिषद के गोदामों, फार्म मशीनरी बैंक, ऑफिस, आवास के निरीक्षण के साथ साथ लेखा खंड, इ. आर पी. कैशबुक, लेजर फिक्स्ड डिपाजिट व्याज दर आदि की समीक्षा की। अंत में चीनी मिल द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों यथा ट्रेंच प्लांटिंग, रटून मैनेजमंट डिवाइस, फेरोमोने ट्रैप, लाइट ट्रैप आदि का प्रदर्शन ग्राम कुलचाना में देखा। अपर गन्ना आयुक्त की विजिट के समय जिला गन्ना अधिकारी, शुगर मिल के यूनिट हेड, गन्ना प्रबंधक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक, सचिव गन्ना विकास समिति चांदपुर जितेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह के नेतृत्व में पीबीएस फूड शुगर यूनिट से भी अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में बेटियों ने परचम लहराया







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट क्लास के परीक्षा फल घोषित होते ही जनपद सहित क्षेत्र में बेटियों ने परचम लहराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित होने पर नैनीताल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अगवानपुर कादराबाद के इंटरमीडिएट की परीक्षा में छात्राओं ने स्कूल टॉपर बजी मारी। सुखप्रीत कौर पुत्री अवतार सिंह निवासी ग्राम खैरीखत्ता ने 98% अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कशिश नेगी पुत्री मनोज सिंह नेगी निवासी जामुनवाला ने 91% अंक व नेहा रानी पुत्री वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम खुशहालपुर में भी 91% अंक प्राप्त कर दोनों छात्राओं ने द्वतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक ठाकुर सूर्यकांत सिंह व प्रधानाचार्य श्रीमती रचना चौहान ने उपरोक्त तीनों छात्राओं की सफलता का श्रेय स्कूल के अध्यापकों व अभिभावकों के दिए गए सहयोग को माना तथा स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने उन्होंने सुप्रीत कौर से छात्र-छात्राओं को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# मेढ़ को लेकर हुए जानलेवा हमले का एक आरोपी गिरफ्तार

## फरार आरोपियों की खोज में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जंगल में खेत की मेढ़ को लेकर हुए जानलेवा हमले में दर्ज कराये गए एक मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है।

मौहल्ला काजीजदगान थाना चांदपुर निवासी मुजम्मिल पुत्र मौहम्मद फुरकान ने 29 अप्रैल को चांदपुर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए कहा था कि मौहल्ले के ही नवाब उर्फ बब्बू, शादाब अहमद, सरताज अहमद पुत्रगण बल्लन, बल्लन पुत्र इब्राहिम निवासी मौहल्ला काजीजदगान थाना चांदपुर ने जंगल में खेत की मेढ़ को लेकर मुजम्मिल व उसके मामा मसूदुल हुसैन पर जानलेवा हमला करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की थी, जिसमें वादी के मामा मसूद उल हुसैन को गंभीर चोटें आई थी तथा वादी को भी मारपीट का चोटिल कर दिया था।

पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 243/2025 धारा बी एन एस बनाम नवाब आदि दर्ज कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी थी, विवेचना के समय कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त मामले में धारा बी एन एस की वृद्धि की थी। जिसमें नवाब उर्फ बब्बू पुत्र बल्लन को गिरफ्तार कर करवाई शुरू कर दी जबकि शेष फरार आरोपियों की खोज में पुलिस टीम जुटी हुई है।

# नगर पालिका ने हटाया मुख्य मार्गों का अतिक्रमण

## अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करते हुये तीन दिन में स्वयं हटाने के लिए नोटिस जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगरीय क्षेत्रों में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने, उच्च स्तरों से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा मगंलवार को 80 स्थानों पर अस्थायी अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित करते हुये तीन दिवस में स्वयं से अतिक्रमण हटाने हेतु नोटिस जारी किये गये।

प्राप्त समाचार के अनुसार अतिक्रमण को हटाये जाने के लिए नगर पालिका द्वारा दो टीम बनाकर नगर के मुख्य मार्गो से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। वहीं नगर पालिका द्वारा हटाए गए अतिक्रमण को लेकर यह कार्यक्रम हर वर्ष चलाया जाता है। लेकिन हमेशा मुख्य मार्ग पर ही गरीब ठेले वालों को ही परेशान किया जाता है। इसको लेकर भी नगर में खूब चर्चाएं हो रही है। जबकि नगर के मुख्य मार्केट झुमराज का बजाज शिवाजी मार्केट पीर का बाजार वह अन्य के स्थान ऐसे हैं। जहां पर दुकानदारों द्वारा अपनी तीन से चार फीट तक दुकान से बाहर सड़क पर सामान रखकर बेच रहे हैं और नगर पालिका की ओर हिम्मत नहीं पड़ती कि उनको वहां से हटाकर अतिक्रमण दूर किया जाए लेकिन गरीबों पर अतिक्रमण का चाबुक चलकर नगर पालिका हर वर्ष वाह-वाह लूटने में अपना कार्य खूब कर रही है। जिसको लेकर नगर में नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर खूब चर्चाएं हो रही है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि नगर में सारा अतिक्रमण तो व्यापारियों ने कर रखा है। जिसके सामने अतिक्रमण अभियान बोना नजर आता है और गरीब वर्ग को इस अतिक्रमण अभियान के नाम पर उनकी रोजी-रोटी पर भारी असर पड़ता है। अतिक्रमण हटाने के समय अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल, मुख्य लिपिक देवेन्द्र सिंह, अतिक्रमण प्रभारी अमित कुमार, निर्माण लिपिक मौहम्मद शान, टैक्स प्रभारी ओमप्रकाश सिंह, स.प्र. अकरम, सफाई नायक अरूण कुमार, कपिल कुमार, दीपक सुन्दर, पप्पू व सभी कर्मचारी जेसीबी ट्रैक्टर ट्राली व अन्य यंत्रों के साथ मौजूद रहें। अभियान के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# भूलेख की गड़बड़ी को लेकर किसान आक्रोशित

## ज्ञापन सौंप कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सरकारी अभिलेखों में दिख रही गड़बड़ को लेकर भाकियू के कार्यकताओं ने जबरदस्त नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता नगीना तहसील परिसर में इकट्ठा हुए और जोरदार नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वे पिछले दिनों सरकारी अभिलेखों की गड़बड़ी को लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे थे। इस संबंध में उन्होंने एक ज्ञापन नगीना उपजिलाधिकारी को सौंपा और जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग की।

ज्ञात हो कि मामला परगना बढ़ापुर के ग्राम मधपुरी का है जहां 15 बीघे से ज्यादा का चक एक किसान के नाम से श्रेणी एक की जमीन का लॉट कर दिया गया। इसकी खबर जब लोगों को लगी, तो लोग हैरत में पड़ गए। क्योंकि उक्त मौजे में जंगल झाड़ी दर्शा कर किसी भी प्रकार का आदेश चढ़ाने से अधिकारीगण मना करते आए हैं।

लोगों का कहना है कि इस तरह की गड़बड़ी अपने आप में कई तरह के सवाल पैदा करता है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेता सोनू विरक ने बताया कि हम कुछ दिन पहले तहसीलदार नगीना से मिले थे। जिसमें उन्होंने कार्यवाही करने की बात कही थी। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके चलते आक्रोशित किसान यूनियन ने आज जोरदार नारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी नगीना को सौंपकर मांग की है कि अगर शीघ्र इस मामले का खुलासा नहीं किया और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई, तो भाकियू बड़ा आंदोलन करेगी।

ज्ञापन देने वाले किसानों में सोनू विरक के साथ ब्लॉक अध्यक्ष राजीव चौहान, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र डबास, शहबाज आलम, गुरजीत सिंह, सुखचौन सिंह, मुन्तसिम, अलाउद्दीन, लखवीर सिंह, कुलवंत सिंह, आकाश, इकरार अहमद, प्रधान इदरीश खान, नौशाद, टीकाराम, जगदीश, गुरविंदर सिंह, वजीर सिंह, इब्राहिम, प्रधान सादिक, ओमप्रकाश, अयूब खान, अजय सैनी, अलीजान, सलमान खान, प्रेम सिंह, मुस्तफीज, वासिक भाई, प्रमोद प्रजापति, कबूल सिंह आदि सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# के.एस. चिल्ड्रेंस एकेडमी का टॉपर बना कशफ आलम



**कोतवाली देहात।** कशफ आलम 96.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना वह बचपन से ही होनहार छात्र रहा है। लग्नशील व सेल्फ स्टडी को महत्व देने वाला छात्र रहा है। उसने कोई कोचिंग नहीं लगाई है। उसका सपना डॉक्टर बनकर समाज में लोगों की सेवा करना है। अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अध्यापकगण व प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह को दिया।

## एक नजर

### आग से होने वाली हानियों को बताया

**कालागढ़।** सेंट मेरीस इण्टरमीडिएट कॉलेज में प्रशिक्षुओं के अध्ययन भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों व अध्यापक, अध्यापिकाओं को कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण के अधिकारियों ने आग से हानि के सम्बंध में संबोधित किया। उन्होनें वनों में आग से होने वाली हानियों को बताते हुए कहा कि आग से वन संपदा, वन्यजीवों के प्राकृतावास, कीट पतंगे नष्ट हो जाते हैं। पक्षियों के अंडे व जीवों के बच्चे जल जाते हैं। पर्यावरण को हानि पहुंचती है। इसलिए गांवों की सीमा पर वनों के आसपास आग न लगाई जाए। यह वन अपराध भी है। इस अवसर पर वीवीआईपी, वीआईपी आगंतुकों के लिए बनाए जाने वाले हैलीपैड, उनकी सुरक्षा व प्रोटोकॉल का पालन करने संबधी दिशा निर्देश बताए। इस अवसर पर वनक्षेत्राधिकारी इन्द्र सिंह बिष्ट, संकाय सदस्य कुशाल सिंह रावत, एएम सिद्दीकी, प्रबंधक फादर फिलिप, प्रधानाचार्या सिस्टर करूणा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर फिलिप व संचालन अध्यापक उपेन्द्र डोबरियाल ने किया।

# बिजली बिल बकाया वसूली पर हंगामा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली शहर के मोहल्ला जाटान में बिजली विभाग की टीम को बकाया बिल वसूली के दौरान हिंसा का सामना करना पड़ा। टीम जब उपभोक्ता हुकुम सिंह के घर बिजली कनेक्शन काटने पहुंची, तो उन्होंने चाकू से हमला कर दिया।

इस हमले में विभाग के दो कर्मचारी टीजी-2 नितिन और संतोष घायल हो गए। घटना के बाद घायल कर्मचारी अन्य साथियों और अधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को शिकायत दी।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल कर्मचारियों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा।



शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना उस समय हुई जब बिजली विभाग की टीम बकाया बिल न जमा करने के कारण हुकुम सिंह का कनेक्शन काटने लगी। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और स्थिति हिंसक हो गई।

# बासमती धान की फसल देगी बंपर पैदावार के साथ ज्यादा मुनाफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** किसानों द्वारा खेती के लिए बासमती धान की उन्नत प्रजातियों का चयन करने से कृषि से होने वाले लाभ की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डा. के. के.सिंह सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में किसान अपने गेहूं सरसों आदि फसलों से खाली हुए खेतों में खरीफ फसल लगाने की तैयारी करते हैं। धान की खेती जनपद में लगभग 55000 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर खेती की जाती है उसमें सबसे अधिक क्षेत्रफल में बासमती धान उगाया जाता है।

बासमती धान का उत्पादन करने से किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त होता है क्योंकि बासमती चावल की कीमत सामान्य चावल की कीमत की अपेक्षा दो गुना तक ज्यादा होती है। बासमती धान की खेती करते समय गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त करने के लिए बासमती धान की ऐसी प्रजातियों का चयन करना चाहिए जो प्रजातियां गुणवत्ता के साथ-साथ रोग रहित एवं उच्च उत्पादन देने की क्षमता रखती हैं। ऐसे में जनपद के किसानो को बासमती की कई प्रजातियों पर विशेष ध्यान रखना चाहिए।

पूसा बासमती 1985: इस प्रजाति की फसल अवधि की बात करें तो यह प्रजाति 115-120 दिन में पककर तैयार हो जाती है। औसत उत्पादकता 52.0 कुंतल प्रति हेक्टेयर है। यह प्रजाति सीधी बुआई के लिए उपुक्त है।

पूसा बासमती 1847: इस प्रजाति की फसल अवधि की बात की जाए तो यह 120 दिन के अंदर पककर तैयार हो जाती है। इस प्रजाति में बैक्टीरियल लीफ लाइट बीमारी का प्रकोप नहीं होता है। इस प्रजाति से एक हेक्टेयर में लगभग 57 कुंतल उपज प्राप्त की जा सकती है।

पूसा बासमती 1692: यह प्रजाति बासमती धान की



प्रजातियों में सबसे कम अवधि की उच्च गुणवत्ता युक्त वाली प्रजाति है। यह प्रजाति 110 से 115 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इस प्रजाति से औसतन प्रति हेक्टेयर उत्पादन 53 कुंतल तक उपज प्राप्त की जा सकती है।

पूसा बासमती 1885 : यह प्रजाति पूसा बासमती 1121 को सुधार करके बनाया गया है । इस प्रजाति की फसल अवधि लगभग 135 दिन है। यह प्रजाति ब्लास्ट बीमारी के प्रति अवरोधी होती है। इस प्रजाति से औसत उत्पादन लगभग 48 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक प्राप्त की जा सकती है।

पूसा बासमती 1886: यह प्रजाति पूसा बासमती 1401 को सुधार कर बनाई गई है। इसकी फसल अवधि 145 दिन है। यह प्रजाति ब्लास्ट रोग के प्रति अवरोधी होती है साथ ही साथ इस प्रजाति से 45 से लेकर 50 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक औसत पैदावार ली जा सकती है।

इन प्रजातियों के अलावा अन्य बासमती की प्रजातियां पूसा बासमती-1, पूसा बासमती-1121, पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती-1718 जैसी प्रजातियों का चयन करके बासमती से उच्च उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

## पुत्री की बरामदगी की मांग

**हल्दौर।** एक युवती अपने पड़ोसी युवक के साथ चली गई। परि. जनों ने अपनी पुत्री को नाबालिग बताते हुए उसकी बरामदगी की मांग पुलिस से की है। क्षेत्र के गांव निवासी युवती कुछ दिन पूर्व अपने पड़ोसी युवक के साथ चली गई। युवती ने अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली। युवती का वीडियो वायरल होने से यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। युवती ने अपनी व अपने ससुरालियों की सुरक्षा को लेकर दहशत में है। दोनों के घर पास-पास में होने के तनातनी का माहौल बना हुआ है।

# नगीना से चांदपुर के लिए रोडवेज बस का संचालन शुरू

## यात्रियों का खर्च व समय की होगी बचत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना-चांदपुर के बीच कोई बस का संचालन नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। चांदपुर डिपो ने नगीना के लिए बस का संचालन शुरू कर दिया है।

नगीना व चांदपुर के यात्रियों के लिए पूर्व में नगीना चांदपुर के बीच आवागमन करने के लिए यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब चांदपुर डिपो ने एक बस का संचालन नगीना के लिए शुरू कर दिया है। यह बस चांदपुर से सुबह छह बजे वाया पैजनिया, नहटौर, नगीना के लिए तथा नगीना से वापसी सुबह आठ बजे बस का संचानल शुरू किया गया है। इससे यात्रियों का खर्च व समय की बचत होगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी, विकास खण्ड अफजलगढ़ ( बिजनौर )

पत्रांक:- मीमो /ग्रा. पं./ विकास कार्य/ 2025-26 दिनांक: 13.05.2025

**-: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 में स्वीकृत राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/ उपलब्ध धनराशि से निम्नांकित विवरणानुसार निर्माण कार्य कराये जाने हुते पंजीकृत ठेकेदारों से अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | स्वीकृत कार्य का विवरण | मद का नाम | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | टेंडर प्राप्ति की अन्तिम तिथि | टेंडर खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी में शफीक अहमद के घर से रियाज अहमद के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केन्द्रिय वित्त | 710725 /- | 100/- | 2 प्रतिशत | 20.05.2025 | 20.05.2025 |

अत: इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार कार्य दिवस में सचिव (ग्रा.पं.) से निविदा क्रय कर निर्धारित अन्तिम तिथि को 1:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दें। निविदा को उसी दिन 03 बजे उपस्थित टेन्डर दाताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव में निहित है। निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार को अपेक्षित शपथ पत्र देना होगा। भुगतान से पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एवं जमानत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी। निविदा सम्बंधि जानकारी पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी
विकास खण्ड-अफजलगढ़ (बिजनौर)

**सचिव**
ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी
विकास खण्ड-अफजलगढ़ (बिजनौर)



## संबंध विच्छेद सूचना

हम अपने पुत्र मौहम्मद शाकिर व पुत्रवधू इरम को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। इनके किसी भी लेनदेन के हम जिम्मेदार नहीं होंगे। **रियासत अली पुत्र इमामुद्दीन, हाजरा पत्नी रियासत अली मौहल्ला नौधा, थाना नहटौर, जिला बिजनौर।**

# पिता को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ गया बेटा

## घायल किसान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव फुलसंदा खाकम के जंगल में गुलदार के हमले के दौरान एक युवक ने गुलदार से मुकाबला करते हुए अपने पिता को गुलदार के चंगुल से छुड़ाते हुए बचाया। गुलदार के हमले में घायल हुए किसान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार गुलदार के हमले से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



जानकारी के अनुसार गांव फुलसंदा खाकम निवासी जय सिंह पुत्र मोहन उम्र लगभग 52 वर्ष अपने बेटे नवनीत के साथ गन्ने के खेत में उर्वरक खाद डालने जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए बैठे गुलदार ने जंगल से निकलकर उस पर पीछे से हमला कर दिया। हमला होता देख उसका पुत्र नवनीत गुलदार से भिड़ गया। उसके पुत्र ने गुलदार पर उर्वरक खाद डालने के लिए हाथ में ले रखी बाल्टी से वार करना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि गुलदार किसान जय सिंह को खींचकर ले जा रहा था। बेटे द्वारा वार करने तथा आस पास काम कर रहे किसानों को आता देख गुलदार भाग गया। घायल किसान जय सिंह को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। सूचना पर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह, राणा प्रताप सिंह, शुभम मलिक आदि के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों को साथ लेकर गुलदार की तलाश हेतु कांबिंग की। लेकिन गुलदार को कुछ पता नहीं चल सका। गुलदार के हमले से किसानों में दहशत व्याप्त है। इससे पूर्व 5 मई को 40 वर्षीय खुर्शीद अहमद पुत्र अब्दुल शकूर पर चारा काटने के दौरान हमला करते हुए घायल कर दिया था। जबकि वन विभाग की टीम उक्त घटना के बाद पिंजरा लगा दिया था। परन्तु गुलदार को पकड़ने में वन विभाग की टीम नाकाम रही। लगातार गुलदार के आतंक से किसानों को खेतों पर काम करने के लिए दहशत व्याप्त है।

दूसरी ओर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि गुलदार की सूचना मिलने पर मौके का निरीक्षण किया गया तथा परिजनों से जानकारी ली गई। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर शासन को मुआवाजा दिलाया जाएगा। साथ ही एक पिंजरा ओर शाम तक लगा दिया जाएगा। ग्रामीणों से जंगल जाने के लिए समूह के रूप में जाने और लाठी डंडे लेकर जाने ओर बच्चों को जंगल न ले जाने अन्य गुलदार से सुरक्षा हेतु सतर्कता बरतने की जानकारी दी गई।

# प्रियंका स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम

## कक्षा 10 व 12 में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम जिले भर में रोशन किया।

कक्षा 12वीं में विज्ञान वर्ग (पीसीएम) के छात्र वैभव यादव ने 97.4% अंक प्राप्त कर जिले में विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा स्नेहा चौहान ने 98.4% अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया और जिले में स्कूल को विशेष पहचान दिलाई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डी. एस. नेगी ने बताया कि कक्षा 12वीं के 31 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि कक्षा 10वीं के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठता को सिद्ध किया।

इस अवसर पर स्कूल में मिठाई वितरण कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्य श्री नेगी ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

विद्यालय की प्लानिंग कोऑर्डिनेटर अदिति राणा एवं डायरेक्टर राणा प्रियंकर ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

साथ ही उन्होंने अभिभावकों को भी धन्यवाद देते हुए उनकी भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर राजीव चौहान, मयंक कौशिक, तबरेज खान, एस. के. देवड़ा, रूपरान सिसोदिया, डी. पी. सिंध, कामेंद्र कुमार, विवेक चौहान, शुभव अग्रवाल, किरण शर्मा, सतनाम सिंह, अरुण कुमार, अनुज कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्टता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# वीरा कॉलेज में तीन पुस्तकों का विमोचन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के प्रोफेसर्स द्वारा लिखित तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिसमे एक पुस्तक Fluid Mechanics & Machinery डॉ. अमित कुमार बंसल और प्रो. उज्जवल कुमार द्वारा व द्वितीय पुस्तक Mechanical design and analysis डॉ. अमित कुमार बंसल, प्रो. गौरव गुप्ता व प्रो. विनीत कुमार द्वारा व तृतीया पुस्तक An Incredible Girl जो प्रो. नाइला नईम द्वारा लिखी गई, इन पुस्तकों का विमोचन कॉलेज प्रांगण में प्रो.(डॉ.) नीलेन्द्र बादल (निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर), डॉ एन.के. सिंह (रजिस्ट्रार, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर) संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.)अमित कुमार बंसल जी के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्था सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं कॉलेज कोषाध्यक्ष श्रीमती स्वाति वीरा ने डॉ. अमित कुमार बंसल, प्रो. गौरव गुप्ता, प्रो. उज्जवल कुमार, प्रो. विनीत कुमार व प्रो. नायला नईम को अपने-अपने विषय पर पुस्तक लिखने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

कॉलेज फैकल्टी/स्टाफ की ओर से डीन एकेडेमिक मनोज कुमार कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश अग्रवाल और अंकित राजन अग्रवाल, डा. शुएब अली खान, अजय उपाध्याय, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा डॉ. शुभम राजपूत, श्वेता गौड़, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि ने पुस्तक प्रकाशित होने पर हार्दिक शुभ कामनाए एवं बधाई दी।

# कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

## एक महिला गंभीर

**धामपुर।** शेरकोट मार्ग पर तेज रफ्तार कार द्वारा ई-रिक्शा को टक्कर मारे जाने से बड़ा हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

घायलों में ई-रिक्शा चालक नदीम पुत्र नसीम निवासी तैय्यब सराय थाना शेरकोट के साथ-साथ सवार शाहनवाज, उनकी पत्नी नाजमी तथा तीन वर्षीय पुत्री शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी धामपुर पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।


डॉक्टरों के अनुसार महिला नाजमी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल शाहनवाज ने बताया कि वे अपनी ससुराल से लौटकर बरवानान, जनपद मुरादाबाद स्थित अपने घर जा रहे थे। शेरकोट से ई-रिक्शा द्वारा धामपुर की ओर रवाना हुए थे कि अचानक एक तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा कार चालक की तलाश जारी है।

# जिम और स्विमिंग पूल के मानकों को लेकर डीएम सख्त

## निर्धारित मानकों का पालन न करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जिम और स्विमिंग पूल के मानकों को लेकर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी जिम व स्विमिंग पूल की जांच करने के आदेश दिए। और तो और जिम संचालक जो सप्लीमेंट देते है उसका भी लाइसेंस अधिकतर के पास नहीं है। जबकि गलत डोज की वजह से सप्लीमेंट जानलेवा भी हो सकता है।





इस संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। यदि तय मानकों के अनुसार सुधार नहीं किया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस रद्द करने से लेकर सील करना तक शामिल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिम और स्विमिंग पूलों की समय-समय पर जांच की जाए और जो जिम या स्विमिंग पूल निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष देखा गया है, वहीं कुछ संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है।

स्थानीय लोगों कहा कहना है कि हमारे बच्चों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। अगर स्विमिंग पूल में लाइफगार्ड नहीं है, तो यह बहुत बड़ी लापरवाही है। प्रशासन की कार्रवाई सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि जिम में उपकरणों की स्थिति खराब थी और प्रशिक्षक भी अनुभवहीन लगते थे। जिलाधिकारी की जांच से उम्मीद है कि अब सुधार होगा।

### स्विमिंग पूल में क्या होते हैं मानक

सुरक्षा गार्ड/लाइफ गार्ड अनिवार्य है। पूल की गहराई स्पष्ट रूप से चिन्हित हो, प्राथमिक चिकित्सा किट और जीवन रक्षक उपकरण जैसे लाइफ रिंग्स, पोल्स उपलब्ध हों। पानी का pH (7.2 - 7.8) और क्लोरीन स्तर नियमित जांचा जाना चाहिए। सप्ताह में कम से कम एक बार पानी की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। पानी पारदर्शी और गंध रहित होना चाहिए। एंटी-स्किड टाइल्स और ठीक से काम करने वाला ड्रेनेज सिस्टम हो, बच्चों और वयस्कों के लिए अलग-अलग पूल जोन होना चाहिए। पूल के आसपास का क्षेत्र साफ और सूखा होना चाहिए। पूल के अंदर और बाहर शॉवर और फुट वॉश की सुविधा होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिए है कि जो जिम या स्विमिंग पूल यह मानक पूरे कर रहे है तो वो ठीक ऐसे ही चलते रहेंगे, अगर मानक पूरा नहीं कर पा रहे है तो उनके खिलाफ जांच कर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### जिम संचालन के मानक

जिम में फर्श पर एंटी-स्किड मैट्स होने चाहिए। मशीनों के बीच पर्याप्त स्पेस होना चाहिए। इमरजेंसी एग्जिट और अग्निशमन यंत्र उपलब्ध होने चाहिए। वेंटिलेशन और प्रकाश पर्याप्त होना चाहिए। सभी उपकरण कार्यशील और सुरक्षित होने चाहिए। मशीनों की नियमित सर्विसिंग और निरीक्षण की रिपोर्ट होनी चाहिए। वजन और डम्बल्स आदि उचित क्रम में रखे जाने चाहिए। ट्रेनर योग्य और प्रमाणित होने चाहिए। फर्स्ट एड की जानकारी होनी चाहिए। नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन होना चाहिए। चेंजिंग रूम और शौचालय स्वच्छ होने चाहिए। साइन बोर्ड्स जैसे साफ सफाई रखें। उपकरण प्रयोग के बाद साफ करने चाहिए।

# ईरम परवीन ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मोहल्ला नेजो सराय स्थित एमएनके मेमोरियल एकेडमी स्कूल की छात्रा ईरम परवीन पुत्री मोहम्मद राशिद ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता कड़ी मेहनत का परिणाम है।

विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईरम परवीन को बधाई दी। मास्टर डॉ. कासिम अंसारी और मास्टर फैजूल हक ने सभी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता सभी बच्चों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। कक्षा 8 में रुही नाज पुत्री मोहम्मद अनीस, मोहम्मद फैज (पुत्र शमशाद) कक्षा 7 में सिमरा परवीन (पुत्री तसलीम), महरीन सैफी (पुत्री मोहम्मद इस्लामुद्दीन), मोहम्मद आदिल (पुत्र मोहम्मद कदीर) कक्षा 6 में सामरा परवीन (पुत्री मोहम्मद आसिफ), इकरा परवीन (पुत्री नौशाद), मोहम्मद अर्श (पुत्र मोहम्मद इस्माइल), सना परवीन (पुत्री अकबर), मोहम्मद रिहान (पुत्र कदीर अहमद), सुबहाना कय्यूम, हुजैफा मुशर्रफ, (पुत्री मोहम्मद राशिद) कार्यक्रम में डॉ. कासिम अंसारी, प्रधानाचार्य फैजूल हक नेशनल परिवार एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील आदि मौजूद रहे।




# अधिवक्ता के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की निंदा

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसियेशन की बैठक में एक अधिवक्ता के विरूद्ध पुलिस द्वारा एकतरफा कार्यवाही किये जाने को लेकर रोष जताया गया तथा पुलिस द्वारा की गई एकपक्षीय कार्यवाही की कड़ी निंदा की। सीनियर बार एसोसियेशन अध्यक्ष सतीशचंद एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अधिवक्ता नवाब अहमद के विरूद्ध पुलिस द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही करने व अधिवक्ता नवाब अहमद के चोटिल होने के बाद भी उनकी ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं करने पर आज तहसील में एसोसियेशन ने न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लेते हुए प्रस्ताव पारित किया।

# ज्येष्ठ एकादशी पर एसडीएम ने बांटा प्रसाद

## आस्था और सेवा का अद्भुत संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ज्येष्ठ एकादशी के पावन अवसर पर उप जिलाधिकारी रितु रानी द्वारा उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और जनसेवा का सुंदर समागम देखने को मिला।



एसडीएम रितु रानी ने स्वयं श्रद्धालुओं और उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया, जिससे कार्यक्रम में एक विशेष आत्मीयता का वातावरण बना। इस अवसर पर राजपाल सिंह, योगेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में अधिवक्ता, राजस्व विभाग के अधिकारी, विनियमित क्षेत्र विभाग के प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

उपस्थित लोगों ने एसडीएम के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न सिर्फ धार्मिक चेतना को बढ़ावा देती है, बल्कि प्रशासन और आमजन के बीच सकारात्मक संवाद को भी मजबूत करती है। कार्यक्रम शांतिपूर्वक एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

# दो दिवसीय दीनी तालीमी सम्मेलन

## देशभर के प्रमुख उलेमा, खुतबा और शायर हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** देशभर में इस्लामी और नैतिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अग्रणी संस्था तनजीमुल मुकातिब के तत्वावधान में स्थानीय मौहल्ला बुखारा क्षेत्र में दो दिवसीय दीनी तालीमी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और शैक्षिक सम्मेलन में देश के नामचीन उलेमा, खुतबा और शायरों ने भाग लेकर अपने विचार और अनुभव साझा किए।





सम्मेलन के दौरान तंजीमुल मकातिब की देखरेख में देशभर में संचालित मकातिब ए इमामिया के छात्रों एवं छात्राओं ने अपने प्रभावशाली वैज्ञानिक, सामाजिक एवं बौद्धिक प्रदर्शनों से दर्शकों को प्रभावित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधनों में तनजीमुल मकातिब की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल दीन की तालीम को आम कर रही है, बल्कि युवाओं को बौद्धिक रूप से जागरूक करने का कार्य भी कर रही है।

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष मौलाना सबीहुल हुसैन, संस्था की प्रबंध समिति के सदस्य मौलाना सैयद सफदर हुसैन, मौलाना सैयद कमर सुल्तान दिल्ली, मौलाना सैयद हैदर अब्बास लखनऊ, संस्था की प्रबंध समिति के सदस्य मौलाना सैयद हुसैन जाफर वहब, मौलाना सैयद फैजान मेहन्दी इमाम जुमा बुखारा, बिजनौर मौलाना गुलाम हुसैन सदफ लखनऊ, मौलाना सकलैन आबिदी लखनऊ, मौलाना वकार सुल्तानपुरी, जनाब माएल चंदौलवी, जनाब आसिफ जलाल और जनाब मेहंदी जलालपुरी सहित अनेक विद्वान और गणमान्य उपस्थित रहे। तनजीमुल मकातिब इस प्रकार के सम्मेलन देश के विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर आयोजित करता है, ताकि आम जनता को दीन और इल्म से जोड़े रख सके।

यह कार्यक्रम संस्था के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित भी किया गया।

उलेमा, खुतबा, शायरों मकतब के मुदससरीन और दूरदराज से आये मकतब के बच्चों की मेजबानी जनाब फिरदौस रजा, रईस हैदर मुन्तजिम मकतब, जनाब तनवीर रजा उर्फ गुड्डू मुतवल्ली मस्जिद व इमामबाड़ा तथा शमीम अब्बास नकवी ने खूब दिलो जान से की और रजाकारान में अजहर हसनैन सिराज, मौहम्मद ईवाद, कुमैल अब्बास अली ताहा असद मेहंदी- अली मेहंदी काकू जफर अब्बास नवाव रजा-फराज हैदर व जब्बाद नकवी, सलमान ने दोनों दिन सुबह से शाम तक खिदमत अन्जाम देते हैं। आखिर में मुलक में अमन अमान की दुआओं के साथ कांफ्रेंस का समापन किया गया।

# कृष्णा इंस्टिट्यूट में फेयरवेल पार्टी में रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम

## डी. फार्मेसी में मिस फेयरवेल आरध्या व मिस कॉस्ट्यूम सफिया नाज चुनी गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टिट्यूट गोलबाग के फार्मेसी विभाग में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ।



कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, साइंस कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विवेक वर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विवेक वर्मा ने छात्रों से कहा कि सभी छात्रों को मन लगाकर पढाई करने के साथ सर्वांगीण विकास के लिये सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में बी. फार्मेसी तृतीय वर्ष के छात्र इरम, मयंक सिंह, रिशांत, सादिया, सानिया, अस्मित, मयंक चौधरी, मोहम्मद अमान आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बी. फार्मेसी में मिस्टर फेयरवेल पियूष कुमार, मिस फेयरवेल प्रियांशी राजपूत, मिस्टर कॉस्ट्यूम शिवम कुमार, मिस कॉस्ट्यूम श्रिष्टी चुनी गयी। डी. फार्मेसी में मिस फेयरवेल आरध्या चौधरी, मिस कॉस्ट्यूम सफिया नाज चुनी गयी।

इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष अंशुल त्यागी, डॉ. संगीता रानी, डॉ. गुंजन रानी, रजनीकांत, कनिष्का चौहान, लोकेन्द्र कुमार, हर्ष सिसोदिया, अनुप्रिया चौधरी, नजर खान, नीरू रानी, अजीत सिंह, लवी कुमार, रजिस्ट्रार नीरज राठी आदि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई बोर्ड इंटर की परीक्षा में अविरल को हासिल हुआ जिले में पहला स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणाम के आधार पर नगर के एक स्कूल का छात्र जिला टॉपर बना।

विद्यालय में इस वर्ष कुल 434 डिस्टिंक्शन प्राप्त हुईं। अविरल के अलावा तरंग श्रोत्रिय ने 95.6 प्रतिशत तथा ताबिंदा इरफान ने 94.8 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। ताबिंदा ने ह्यूमैनिटीज संकाय मानविकी वर्ग में टॉप किया जबकि खनक श्री ने विज्ञान वर्ग में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। विद्यालय के प्रबंधक अमिताभ गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण का परिणाम है। प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने बताया कि बाल विद्या मंदिर ने सदैव एक सकारात्मक और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षण वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया है। स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग टूल्स, और विषय आधारित कार्यशालाओं के माधयम से छात्रें को आधुनिक शैक्षणिक तकनीकों से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, जिससे छात्र न केवल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, बल्कि जीवन कौशल भी विकसित करते हैं। बबराला जेकेईटी कान्वेट स्कूल जुनावई के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय में जश्न का माहौल है। मेधावी छात्रों में रिद्धिमा तिवारी ने 96.2 प्रतिशत व मोनिका सिंह ने 96.2 प्रतिशत, हर्ष ने 95.6 प्रतिशत, प्रखर ने 94.8 प्रतिशत, अंक लिये। जबकि 10 वीं में आलेख वार्ष्णेय ने 96.4 प्रतिशत, शुभ राठौर ने 95.2 प्रतिशत, वेदिका वार्ष्णेय ने 94.4 प्रतिशत अंक पाकर स्थान प्राप्त किये। विद्यालय के डायरेक्टर उमेश यादव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसका श्रेय विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम सिंह ने बताया कि 12 वीं 113 विद्यार्थियों में से 106 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 93.8 प्रतिशत रहा।जबकि 10 वीं में 146 विद्यार्थी थे।जिनमें सभी उत्तीर्ण हुए। परिक्षाफल शत प्रतिशत रहा। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



सम्भल- आपरेशन सिंदूर के कुछ बिंदुओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

# जनपद में लागू हुई निषेद्याज्ञा

**बिना अनुमति नहीं हो सकेगा धरना प्रर्दशन व जुलूस आदि का आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी पर्वो के मददेनजर जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जिसके तहत कोई भी धरना-प्रर्दशन अथवा जुलूस आदि नहीं निकाला जा सकेगा।

पूर्व में शाही जामाम स्जिद में दूसरी बार सर्वे कमीशन के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। जिसके चलते जनपद का माहौल अति संवेदनशील हो गया था। वर्तमान में इुर्दलजुहा आदि का त्यौहार मनाया जाना हैं जिसके चलते आसामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग की जा सकती है। जिससे कटुता बढ़ने और लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने की प्रबल आशंका है। जबकि इस अवधि मेंविभिन्न प्रवेश प्रतियशेगिताओं और बोर्ड परीक्षायें आयोजित होना भी प्रस्तावित है। जबकि भाकियू के विभिन्न संगठनों एवं विभिन्न प्रर्दषनकारियों द्वारा प्रस्तावित धरना-प्रर्दशन आदि से शांति व्यवस्था भंग होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए जन विरोधी गतिविधियों में शांति व्यवस्था बनाये रखने, घोषित आयोजनों/कार्यक्रमों के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव को कम करने व जन एवं जन सम्पत्ति की तथा लोक प्रशान्ति भंग होने से रोकने के उददेश्य से जिले मेंधारा 163 भारतीय नगारिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। जिसके चलते इस दौरान डीएम व क्षेत्रीय कार्यकारी मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति लिये बिना न तो सार्वजनिक स्थानों पर 5 या इससे अधिक व्यक्तियों का कोई जुलूस निकलेगा और न ही कोई धरना प्रर्दशन के साथ किसी भी तरह का शस्त्र का सार्वजनिक स्थान पर प्रर्दशन नहीं किया जा सकेगा।

## सेना के अदम्य साहस की प्रशंसा

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और साहस के लिए उनका सार्वजनिक वंदन और अभिनंदन करते हुए पीएम के नाम ज्ञापन भेजा गया। प्रदेश महासिचव खिजर गौस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत सरकार ने आपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार मीडिया ब्रीफिंग कर देश की जनता को तमाम बिंदुओं पर जानकारी दी, लेकिन अभी कई बिंदुओं पर स्थित अस्पष्ट है। इनमें आपरेशन सिंदूर के दौरान नागरिकों, सैन्य सेवाओं तथा नागरिक सेवाओं आदि की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

# नाबालिग हत्यारोपी भी भेजा गया जेल

**प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या कर शव को दफनाने में शामिल था आरोपी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या करने की हत्यारिन पत्नी व प्रेमी को जेल भेजने के बाद नाबालिग आरोपी भांजे को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि 7 मई को कैला देवी थाना क्षेत्र के नाई की मढ़ैया गांव में बिहार के युवक का शव एक खनन हुए गडढे में दबा मिला था। सूचना पर सीओ संभल, कैलादेवी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। जिसकी हत्या मृतक की पत्नी पूजा और उसके

**हत्यारे प्रेमी व प्रेमिका को पहले भेजा जा चुका हे जेल**

प्रेमी इसी गांव निवासी गीतेश द्वारा गला दबाकर की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई थी। जांच के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी पूजा और उसके प्रेमी गीतेश को गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें जेल भेजा जा चुका है। हत्या कर शव को गांव के ही एक ग्रामीण के खेत में गडढा खोदकर दबा दिया गया था। शव को घर से ले जाकर दफनाने में हत्यारोपी गीतेश का भांजा पंकज पुत्र नेम सिंह भी शामिल था। 15 वर्षीय पंकज यादव वांछित चल रहा था। मंगलवार को कैला देवी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के ही चाचू नागल चौराहे से पंकज को गिरफ्तार कर लिया। जिसे किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

# अधिवक्ता मौहम्मद नवाज को केन्द्र सरकार ने बनाया नोट्ररी पब्लिक

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**



**सम्भल।** भारत सरकार की और से नगर निवासी युवा अधिवक्ता को नोट्ररी पब्लिक बनाया गया है। उनके नोट्ररी पब्लिक बनने से साथी अधिवक्ताओं में

**साथी अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल**

हर्ष का माहौल है।

नगर के मौहल्ला चमन सराय निवासी मौहम्मद नवाज युवा अधिवक्ता है। उनको केन्द्र सरकार की और से नगर सम्भल का नोट्ररी पब्लिक अधिवक्ता बनाया गया है। युवा अधिवक्ता नोट्ररी पब्लिक का दायित्व मिलने से उनके साथी अधिवक्ताओं और शुभ चिंतकों में हर्ष है।



बबराला-पीएमश्री विद्यालय के शैक्षिक भ्रमण करते बच्चे।

# कार्यशाला में केवट के भाव का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के रामा कान्वेट स्कूल में भारतेंदु नाटक अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश के द्वारा रंग पाठशाला लोकनाटय में चौथे दिन रामलीला में समरसता से संबंधित कार्यशाला का प्रशिक्षण दिया।

**नाटय अकादमी संस्कृति विभाग की कार्यशाला**

प्रशिक्षण को डा. ममता राजपूत के द्वारा दिया गया। जिसमें भगवान राम के परम मित्र निषाद केवट के भाव को कलाकारों द्वारा स्क्रिप्ट देकर कराया। इस प्रशिक्षण में कैसे केवट वर्षों से अपने प्रभु राम की सेवा के लिए इंतजार कर रहा था। उनको 14 वर्ष का वनवास होने के बाद भगवान राम जब अयोध्या से जाते हैं। तब निषाद के द्वारा जंगल के रास्ते सरयू तट पर पहुंचते हैं। जहां केवट भगवान राम, लक्ष्मण और सीता जी को नदी पार कराते हैं। कलाकारों द्वारा आज केवट ग्रुप की रचना प्रशिक्षण में कराई।



बबराला- केवट संवाद का प्रशिक्षण लेते कलाकार।

# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर के छात्र-छात्राओं ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बबराला में शैक्षिक भ्रमण किया।

**विद्यार्थियों ने कम्प्यूटर लैब, वर्कशॉप, पुस्ताकल का किया अवलोकन**

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार आयोजित भ्रमण में विद्यार्थियों ने संस्थान में कंप्यूटर लैब, वर्कशॉप, पुस्तकालय, व कक्षा कक्ष का अवलोकन किया। प्रशिक्षण संस्थान बबराला के समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। शैक्षिक युग्मन भ्रमण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिला। इस अवसर पर पीएम श्री विद्यालय के अध्यापक जितेंद्र कुमार व सुभाष सिंह व प्रशिक्षण संस्थान का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## नहीं थम रही बिजली की बार-बार हो रही ट्रिपिंग

**सम्भल।** बिजली की बार-बार ट्रिपिंग बंद नहीं हो रही है। सांय के समय रोजाना ट्रिपिंग की जा रही है।

# मदरसे की मान्यता पर चल रहा था स्कूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** जिलाधिकारी के कड़े निर्देशों के बावजूद शिक्षा माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासन और सकूल संचालकों के बीच तू डाल-डाल तो मैं पात-पात का खेल चल रहा है। ऐंसा मालूम हो रहा है। मदरसे के नाम पर संचालित स्कूल को सील कर एक बार फिर अवैध रूप से संचालित स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई है।

कसबे के मौहल्ला गिन्नौरी निवासी एक व्यक्ति के पास मदरसे

**खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया सील**

की मान्यता तो है पर मदरसा संचालित नहीं किया जा रहा था। इसी मौहल्ले में कई वर्षो से बिना मान्यता के पब्लिक स्कूल संचालित किया जा रहा था। जिसकी शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंची। तब स्कूल बन्द कर दिया गया। अब इसी स्कूल के संचालक ने मदरसे की मान्यता वाले व्यक्ति से सर्म्पक कर अपने स्कूल वाले भवन पर ही मदरसे का बोर्ड लगाकर इंग्लिश मीडियम का स्कूल संचालित करने लगा।मदरसे की मान्यता पर पब्लिक स्कूल संचालित किए जाने की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी पोप कुमार ने स्कूल का निरीक्षण किया। मदरसे की मान्यता पर इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किए जाना नियम के विरूद्व व अवैध बताते हुए मदरसे को सील कर दिया। उधर इस सम्बन्ध में जानकारी के लिए खंड शिक्षा अधिकारी के सी यू जी मोबाईल नम्बर पर कई बार सर्म्पक करने का प्रयास किया गया,लेकिन स्विच ऑफ बताया गया।

# सात दिवसीय कार्यशाला आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अंतरराष्ट्रीय बौद्व संस्थान लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जिला संयोजक ममता राजपूत को बनाया गया। रामा कान्वेट स्कूल बबराला में ग्रीष्मकालीन सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। 14 मई (आज) कार्यशाला का शुभारंभ किया जाएगा। जबकि 20 मई को इस कार्यशाला का समापन किया जाएगा। जिसमें सभी बच्चों को बुद्व से संबंधित उनके कार्य एवं ज्ञान को बढ़ावा देने को यह कार्यशाला रखी जा रही है। जिला संयोजक डा. ममता राजपूत ने बताया कि कार्यशाला में बुद्व के धाम दर्शन संस्कृत शिक्षा एवं प्रचार प्रसार तथा ध्यान साधना पद्वति द्वारा सकारात्मक परिवर्तन लाना बौद्व संस्कृति के महत्वपूर्ण अनुसंधान पर चर्चा करना, संस्कृति का महत्व की परंपरागत आधारभूत मान्यताओं, मानवीय मूल्यों कला का संरक्षक करने से संबंधित जानकारी प्रदान करना बौ) धार्म संस्कृति एवं जाति भाषा शिक्षण कार्यशाला में किया जायेगा। बोध संस्कृत शिक्षा पद्वति तथा भाषा संरक्षण का प्रचार प्रसार हेतु इस कार्यशाला का आयोजन जिले में रखा गया है। इस कार्यशाला को डा. ममता राजपूत द्वारा व सत्यवीर आनंद के द्वारा पूर्ण किया जायेगा। कार्यशाला की तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है।

## दिनभर उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सूरज का पारा चढ़ने के साथ-साथ गर्मी का प्रकोप भी सर चढ़कर बोलने लगा है। भयंकर गर्मी से जन जीवन पर भी खासा असर दिखायी देने लगा है,लेकिन बुधवार को आसमान में छायी उमस ने जहां गर्मी से और बेहाल किया,वहीं कभी धूप ओर कभी बादल छाने से मामूली राहत मिली।

बुधवार की सुबह से ही आसमान में सूरज ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया था, जबकि दोपहर को भयंकर गर्मी सर चढ़कर बोलने लगी। दिन भर के बाद देर दोपहर को कभी धूप तो कभी छांव से राहत की आस जगी,परन्तु गर्मी का प्रकोप देर सांय तक कम नही हो सका, इसके अलावा उमस ने गर्मी ने और भी बेहाल कर दिया। देर सांय तक गर्मी का यही हाल रहा।

## उच्च न्यायालय के फैसले पर लगी निगाहें

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चली सुनवायी के बाद लोगों की निगाह फैसले पर लग गयी है।

शाही जामा मस्जिद में मंदिर और एएसआई संरक्षित स्मारक में प्रवेश की अनुमति देने की मांग को लेकर दायर किए गए दावे के बाद मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। भारतीय पुरातत्व विभाग की और से अपनी रिपोर्ट दाखिल करने के बाद इसे लेकर दो घंटे तक उच्च न्यायालय में बहस होने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया। अब लोगों की निगाहें फैसले पर लग गयी हैं।



सिरसी-कूड़े के ढेर में लगी भीषण आग बुझाते दमकल कर्मी।



सम्भल- भारत विकास परिषद के अधिष्ठापन समारोह में दायित्वों की शपथ ग्रहण करते।

## सपा के बदायूं सांसद आज सुनेंगे समस्याएं

**सम्भल।** सपा के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव दो दिन गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सपा सांसद 17 मई को रात्रि विश्राम यारा फर्टिलाइजर बबराला में करेंगे। जबकि 18 मई को प्रात: 9 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन, बबराला में समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से मुलाकात करेगे।

# रेलवे क्रॉसिंग के पास कूड़े के ढेर में लगी भयंकर आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे के सम्भल मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास पॉलथिन आदि कूढ़े के ढेर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची नगर पंचायत कर्मचारियों की टीम व अग्निशम दल ने काफी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गरैर तलब है कि सम्भल मार्ग पर पूर्व दिशा में नगर पंचायत व ग्राम समाज की भूमि है। जिस पर अन्य लोगो ने दावा कर कुछ भूमि पर कब्जा कर लिया। इसी भूमि पर कई वर्षो से पॉलिथिन व अन्य कूढ़े के साथ असपतालों में प्रयोग करने वाले प्लास्टिक व रबर आदि की बेकार हुई वस्तुएं भी इसी स्थान पर डाली जाती है। दोपहर अचानक आग लगने से आस-पास का इलाका धुंए और आग की लपटों से घिर गया। आसपास के खोखे वालों ने आग लगने की सूचना नगर पंचायत व अग्निशमन दल को दी। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के लेखा लिपिक व अन्य कर्मचारियों के साथ आग बुझाने वाला वाहन लेकर घटना स्थल पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। इसी बीच थोड़ी देर में अग्शिमन वाहन भी आ गया। उसकी टीम भी आग बुढाने में लग गई। प्लास्टिकि पॉलिथिन व अस्पतालों की इस्तेमाल की हुई वस्तुएं सभी ज्वलनशील पदार्थो ने एक साथ मिलकर आग में घी का काम किया और देखते ही देखते धुएं के बादल छा गए। नगर पंचायत व अगिनशमन दल ने लगभग आधा घंटा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब आसपास के खोखे वालों और आग बुझाने वाली टीमों ने राहत की सांस ली। उधर अचानक आ लगने को लेकर तरह-तरह की चर्चायें हो रही हैं चर्चा यह भी है कि सरकारी जमीन पर नजरे जमाए हुए भू माफिया इस भूमि को कूड़ा करकट से साफ कर कब्ज़ा करने का प्रयास कर रहे है। आग लगना इसी का नतीजा हो सकता है।

# शांतिभंग में दस किए गए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई के निर्देश पर अपराध रोकने व अपराधियों की धर पकड़ को लचाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व वांछित आरोपियों की धर पकड़ को टीम का गठन किया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान द्वारा उपनिरीक्षक रोहित कुमार व सुमित कुमार, बिजेन्द्र कुमार, सौरभ कुमार ने हमराहियों के साथ भूप सिंह, विनोद, नि. ग्राम नूरपुर, वेद प्रकाश ग्राम नूरपुर, जुगेन्द्र ग्राम नंदरौली, विकास नि. ग्राम शाहपुर, अरविंद नि. गुन्नौर रवि कुमार, सुमित कुमार नि. बबराला एवं दिनेशनि. कैल, पीताम्बर नि. मौ. तार बगिया शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया।

# रजत जयंती वर्ष में सामाजिक कार्यों का संकल्प दोहराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत विकास परिषद कल्कि की रजत जयंती समारोह में नवीन दायित्वधारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।

मुरादाबाद मार्ग स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह के आयोजन से पूर्व स्वामी विवेकानंद व भारत माता के चित्र के समक्ष अजय कटआ, नीरज मित्तल, राहुल, सुनीता अग्रवाल व प्राची गुप्ता एवं मुदिता गुस्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। जबकि वंदे मातरम का गायन किया या। कार्यक्रम में रीजन एवं प्रांत एवं अन्य शाखाओं से आए अतिथियों और दायित्वधारियों का स्वागत बैज लगाकर व पटका पहनकर किया गया। निवर्तमान सचिव मुदिता गुप्ता ने गत वर्ष के क्रियाकलापों की आख्या सदन में पेश की। तत्पश्चात अधिष्ठापन अधिकारी प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल ने नवीन दायित्व धारी अध्यक्ष प्राची गुप्ता सचिव मुदिता गुप्ता सहमहिला सहभागिता नेहा दालभ व अन्य टीम को नए सत्र के लिए शपथ दिलाकर मंचासीन कराया। मंच संचालक शशि भूषण शास्त्री ने कि भारत विकास परिषद सम्भल कल्कि शाखा की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी और इस वर्ष 2025 में यह शाखा अपनी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रही है। शाखा के संस्थापक सदस्य विनय मित्तल, उमेश गर्ग, प्रदीप गुप्ता, राकेश अग्रवाल, व शशि भूषण शास्त्री को पटका पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। गया। इसी के साथ मदर डे पर परिषद परिवार की 5 वरिष्ठ महिलाओं रजनी अग्रवाल रजनी रस्तोगी, प्रकाश वती मीरा रस्तोगी मधु अग्रवाल को डा. ललिता अग्रवाल डा. निधि त्यागी प्राची गुप्ता सुनीता अग्रवाल आदि ने पटका पहनाकर व सुंदरकांड और उपहार देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष प्राची गुप्ता ने कहा की शाखा के सदस्यों ने उनमें विश्वास व्यक्त करते हुए अध्यक्ष पद का दायित्व दिया है। वह उनकी उम्मीदों पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगी और उन्होंने इस रजत जयंती वर्ष में अधिकारिक सामाजिक कार्य करने जैसे स्वास्थ्य शिविर समर कैंप आत्मरक्षा शिविर नेकी की दीवार समय पर वक्षारोपण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम एवं भारत विकास परिषद के स्थाई कार्यक्रम गुरु वंदन छात्र अभिनंदन और भारत को जानो आदि कार्यों को अवश्य करने का संकल्प दोहराय। प्रांतीय महिला सहभागिता प्रभारी सुनीता अग्रवाल और प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा द्वारा नवनिर्वाचित टीम को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अमित गुप्ता द्वारा सभी केंद्र क्षेत्र एवं प्रांत के दायित्व धारीओ व शाखा के सभी महिला पुरुष सदस्यों का कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शशि भूषण शास्त्री द्वारा किया। कार्यक्रम मैं सोम प्रकाश वार्ष्णेय शिव शंकर शर्मा अजय गुप्ता मुकेश रस्तोगी राकेश अग्रवाल डा. राजेश अग्रवाल डा. अजय त्यागी डा. सुनील त्यागी अमित गुप्ता शरद गुप्ता विकास अग्रवाल विपुल अग्रवाल गौरव अग्रवाल अजय रस्तोगी शशि भूषण शास्त्री उमेश गर्ग प्रदीप गुप्ता डा. आलोक गुप्ता नीरज गुप्ता सचिन रस्तोगी सुमित रस्तोगी मनीष गर्ग डा. नितिन दालभ मनीष गुप्ता संजय देवल प्राची गुप्ता नेहा दालभ प्रमिला गुप्ता संगीता रस्तोगी डा. ललित अग्रवाल डा. निधि त्यागी भक्ति रस्तोगी मंजू रस्तोगी कृष्ण शास्त्री नीरा गर्ग बिंदु रस्तोगी शोभा गर्ग अर्चना गुप्ता प्रीति देवल मुदिता गुप्ता पारुल रस्तोगी मोनिका अग्रवाल महिमा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में हार्वड कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने किया अच्छा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित हुए परीक्षा परिणाम में हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने विद्यालय के शिक्षकों और अपनी मेहनत का परचम लहरा दिया। कक्षा 12 के परिणाम के अंतर्गत विद्यालय की छात्रा सालेहा जावेद ने (91.6%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। और (84.4%) अंक प्राप्त कर विद्यालय की छात्रा जुनेरा परवीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। और विशमा अरशद ने (79.2%) अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 के परिणाम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र मोहम्मद अयान ने (94.4%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, (89.4%) अंक प्राप्त कर वंश चौहान ने द्वितीय स्थान, (82.2% )अंक प्राप्त कर अहमद सबाहत ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह , प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों के उचित मार्ग दर्शन को दिया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई एवं विद्यालय शिक्षकों ने विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र- छात्राओं को बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




## हाईस्कूल में दिव्या को मिले 95.6 प्रतिशत अंक

**चन्दौसी।** मंगलवार को सीबीएसई ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी कर दिया। नगर के आरआरके स्कूल की हाईस्कूल की छात्रा दिव्या को 95.6 प्रतिशत अंक मिले हैं। दिव्या काफी खुश है, उसका लक्ष्य इंजीनियर बनना है।



हालांकि दिव्या के परिवार में माता-पिता दोनों ही शिक्षक हैं। पिता नरेश यादव चन्दौसी इंटर कॉलेज में गणित के शिक्षक हैं तथा माता परिषदीय स्कूल में शिक्षिका हैं। होनहार बेटी ने शुरु से ही अपना लक्ष्य कायम रखा और रोजाना नियमित रुप से अध्ययन किया। उसने सदैव अपना लक्ष्य बनाया था। दिव्या ने बताया कि वह इंजीनियरिंग में जाने के लिए विज्ञान व गणित पर अधिक फोकस रखेगी। दिव्या ने अच्छे अंक प्राप्त करने का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया है।

## निलंबित सहायक प्रोफेसर की पत्नी ने की डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज प्रकरण में कॉलेज के प्राचार्य डा0 दानवीर यादव व एक प्रोफेसर का निलंबन किया जा चुका है। हालांकि पहले सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं पर बीसी कोर्ट ने प्रबंधन समिति के फैसले की इस कार्यवाही को शून्य माना पर प्रबंधक समिति ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए पुनः निलंबन कर दिया। अब निलंबित सहायक प्रोफेसर की पत्नी नीलम कश्यप ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसके पति जब विद्यालय जाते हैं तो प्रबंधन एवं स्टाफ द्वारा दुर्भावनापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है जबकि उसके पति का किसी भी घटना से कोई संबंध नहीं है। महिला ने कहा कि उसका परिवार विगत् आठ माह से आर्थिक शोषण व यातना झेल रहा है। बता दें कि प्रबंधन तंत्र द्वारा प्राचार्य समेत एक महिला व एक पुरुष प्रोफेसर को निलंबित किया गया है। फिलहाल एस.एम. कॉलेज का मामला अब फिर से गरमा गया है। लगातार आठ माह से चल रही उठापटक से तीनों परेशान हैं। फिलहाल एस.एम. कॉलेज का मामला थमता नजर नहीं आ रही है।

## एक नजर

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग की ओर से ''वर्तमान परिवेश में भारतीय संविधान की प्रासंगिकता'' विषय पर एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन व अधिवक्ता एवं मुरादाबाद के बार एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी के महासचिव अभिषेक भटनागर, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के सिंह और



स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर सेमिनार का शुभारम्भ किया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. 'आर्य' ने बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. 'आर्य' ने कहा कि इस सेमिनार के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों में संविधान के प्रति गहरी समझ का संचार करना रहा। सेमिनार का संचालन बीए, प्रथम वर्ष की छात्राओं आकांक्षा और अनुभी यादव ने किया। अंत में सेमिनार के सह संयोजक व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ल ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। सेमिनार के सफल आयोजन में श्री पुलकित शर्मा, श्री भावेश मिश्रा, डॉ. अखिलेश पांडेय, डॉ. मोहित मिश्रा, श्री गजेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षक, शोधार्थियों समेत आईएफटीएम विश्वविद्यालय के अलावा देश विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों के 260 से अधिक प्रतिभागी सेमिनार में हाइब्रिड माध्यम से जुड़े।

### 30 जून तक नहरों में लगातार दिया जाएगा पानी: मास्टर धर्मपाल



**कांठ।** जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने मासिक बैठक के दौरान कहा कि किसानो की जरूरत को देखते हुए नहरो में 30 जून तक लगातार पानी दिया जाएगा वह आज जिला कार्यालय पर समीक्षा कर रहे थे इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली और उन्हें समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भोजपुर में शहीद राम प्रकाश सिंह महाविद्यालय शिवपुरी के पुल की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है कोठी खिदमतपुर के पास माइनर पर भी पुल बनाए जाने की सहमति हो गई है। नहर कटिंग कुलाबा आपाशी संबंधित समस्याओं को उन्होंने नकार दिया और बताया कि 15 मई से कालागढ़ डे्म से चलने वाली नहरो को मानक अनुसार पानी देकर संचालित किया जाएगा। पानी की सप्लाई में अनीमियता बरतने वाले गेटमैन का स्थानांतरण कर दिए जाने के उन्होंने निर्देश दिए और कहा कि 30 मई से पहले ट्यूवेल क्षेत्र में पडने वाले सभी तालाब पोखर आदि को भर दिया जाए जिससे जंगली जीव जंतुओं को पानी की समस्या ना हो। चंद नलकूप उन्होंने यांत्रिक दोष एवं आधा दर्जन विद्युत दोष के कारण बंद बताएं जिन्हें एक सप्ताह में सुचारु कर दिए जाने के उन्होंने निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने की और संचालन अधिशासी अभियंता नीरज कुमार गुप्ता का रहा। बैठक में आशीष कुमार आरपी सिंह कुमारी पूजा ब्रह्म भट्ट नजमा बी जितेंद्र कुमार राकेश कुमार कुलदीप कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### कैंप में 250 मरीजों ने उठाया नि:शुल्क परीक्षण का लाभ

**कांठ।** सुखदेव हॉस्पिटल में आज निशुल्क चिकित्सीय परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया जिसमे मुरादाबाद के ओरेकल आई हॉस्पिटल की टीम द्वारा जरूरतमंद मरीजों को दवाई भी निशुल्क वितरित की गई।



कैंप में आसपास के गावों के लोगों को अत्यधिक स्वास्थ्य लाभ एवं सुझाव दिए गए, ब्लडप्रेशर में परहेज , पेट की समस्या में कैसा खानपान रखें और शरीर एवं जोड़ो के दर्द में क्या सावधानी बरतें आदि के बारे में बताया गया। इन सब रोगों से संबंधित सभी की निशुल्क जांच की गई। कैंप में डॉ निष्कर्ष विश्नोई , डॉ शाइस्ता , मैनेजर केशव कुमार एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ तथा ओरेकल आई हॉस्पिटल की टीम मौजूद रही।

### वीर सैनिकों की माताओं का किया नमन

**चन्दौसी।** भारतेंदु नाटक अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लोकनाट्य रामलीला के दूसरे दिन बच्चों के घट बनाए गए जिसमें चार घट बने केवट घट, अहिल्या घट, अयोध्या घट आदि घट के अनुसार सभी कलाकारों को दिनेश यादव व ममता राजपूत के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही मातृ दिवस के अवसर पर उन सभी मां को शुभकामनाएं दीं जिन्होंने हमें वह वीर शहीद दिए जिन्होंने सरहद पर अपनी जान गंवा दी। ऐसे वीर पुत्रों को जन्म दिया कि खुद अमर हो गए और हमें सुरक्षित कर गए। उन सभी की मां को हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद और ऐसे पुत्र हमारी इस मातृभूमि पर जन्म लेते रहें। इस अवसर पर सुधा गौतम, ममता राजपूत, दिनेश यादव, माही गुप्ता, मिस्टी राजपूत, अमन, हर्ष राजपूत, प्रवेश, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## डिप्टी कलेक्टर की चेतावनी पर बैंक द्वारा हटाया जाने लगा अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शक्तिनगर में नाला निर्माण के लिय यूनियन बैंक द्वारा किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाये जाने पर डिप्टी कलेक्टर ने एक दिन पूर्व नाराजगी जताई थी और कहा था कि मंगलवार की सुबह तक बैंक अतिक्रमण नहीं हटाता है तो प्रशासन भवन ध्वस्त कराएगा। बता दें कि शक्तिनगर में नाला निर्माण कार्य चल रहा है। पिछले सप्ताह डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा ने एसडीएम निधि पटेल, तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह व पालिका के ईओ व कर्मचारियों के साथ शक्तिनगर के निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण किया था। नाला निर्माण में अनियमितताएं बरती जाने पर डिप्टी कलेक्टर नाराजगी जताई। मंगलवार को बैंक द्वारा अतिक्रमण में जद में आ रहे भाग को हटाना शुरु किया गया। शाम के समय तक बैंक द्वारा अतिक्रमण की जद में आ रहे भाग का काफी हिस्सा तोड़ दिया गया।

# महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में विद्यालय की छात्राओं को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया जिन्होंने जिला स्तरीय ओपन बॉक्सिंग चौंपियनशिप जो की अमरोहा में आयोजित हुई थी उसमें प्रतिभाग किया और कक्षा 7 की छात्रा अराध्या सक्सेना ने वहां पर स्वर्ण पदक जीता और उसी की सगी बड़ी बहन आरना सक्सेना ने जो की कक्षा 9 की छात्रा है।

वहां पर रजत पदक जीता,दोनों छात्राओं को अपना व विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया।इन दोनों छात्राओं ने बताया कि हम बॉक्सिंग जारी रखेंगे और आगे एशियन गेम्स और ओलंपिक में प्रतिभाग करने का हमारा सपना है और उसे सपने को पूरा करने के लिए हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं।इस मौके पर मेजर राजीव ढल ने कहा कि हमारे विद्यालय में इस सत्र से छात्रों के प्रवेश के साथ-साथ छात्राओं का भी प्रवेश शुरू हो गया है हमारे विद्यालय को बालक और बालिकाओं दोनों के प्रवेश की अनुमति मिल गई है और इस वर्ष कई छात्राओं ने प्रवेश लिया है और अभी प्रवेश जारी हैं।इन दोनों छात्राओं आराध्या सक्सेना और आरना सक्सेना ने बॉक्सिंग के क्षेत्र में स्वर्ण व रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन करा है और उम्मीद करते हैं कि अपनी प्रेक्टिस जारी रखेंगी और एक दिन एशियन गेम्स और ओलंपिक में भी अपना नाम, अपने शहर व विद्यालय का नाम रोशन करेंगी मेजर राजीव ढल ने आगे कहा की इन छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग रेफरी संतोष कुमार छेत्री जी द्वारा भी प्रशिक्षित किया जा रहा है और निश्चित रूप से इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे और हमें उम्मीद ही नहीं बल्कि विश्वास है कि इन्हीं में से कोई मेरी कॉम कोई निकत जरीन,



कोई प्रीति पवार कोई जैस्मिन लवेरिया और कोई लवलीना बोरगो. हेन बनकर अपने शहर का प्रदेश का देश का नाम रोशन करेगी इन दोनों छात्रों की माता शकुन सक्सैना डॉक्टर हैं और पिता राम प्रकाश सक्सेना एडवोकेट है जो इन बेटियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।इनके कक्षा अध्यापक विमल कुमार एवं राम प्रकाश यादव ने कहा की दोनों छात्राएं खेल के साथ-साथ अपनी पढ़ाई में भी पूरा ध्यान देती हैं और यह अपना लक्ष्य हासिल करें इसके लिए दोनों छात्राओं को आशीर्वाद व शुभकामनाएं हैं इस मौके पर खेल शिक्षक श्री सुमित कुमार ने कहा कि छात्राओं को विद्यालय स्तर पर वह स्टेडियम स्तर पर भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर मेजर राजीव ढल,सुशील चंद्र गुप्ता, पुनीत कुमार गुप्ता, ग्रंथ सिंह,जगपाल सिंह, विमल कुमार, सुमित कुमार, प्रखर सिंह, राम प्रकाश यादव,अतुल दुबे आदि सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

# टीएमयू नर्सिंग के दस टीचर्स को एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर दस नर्सिंग टीचर्स को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्रीमती एकजोत कौर, डॉ. वरुण तोषनीवाल, सुश्री विभा कुमारी, सुश्री नित्या अवस्थी, श्री नफीस, श्री सिद्धेश्वर अंगड़ी, सुश्री कमल दीप कौर, सुश्री दीक्षा यादव, डॉ. राम कुमार गर्ग, डॉ. टी. सेंथिल को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया। इससे पूर्व टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रो. एम. जेसलीन, तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन आदि ने मां सरस्वती के संग-संग लेडी विद् द लैंप- फ्लोरेंस नाइटिंगेल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस-2025 की थीम अवर नर्सेज, अवर फ्यूचर केयरिंग फॉर नर्सेज स्ट्रेंथनिंग द इकॉनोमी रही। नर्स दिवस पर पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं भी हुईं। पोस्टर प्रतियोगिता में मिस मिजबा, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में प्रभजोत, शरणजीत, शरणप्रीत, खुशप्रीत एंड ग्रुप विजेता रहीं। इस मौके पर स्टुडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रोग्राम्स भी प्रस्तुत किए। अंत में श्री सिद्धेश्वर अंगड़ी ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, आज नर्सें अस्पतालों के संग-संग रिसर्च, एजुकेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट, और पॉलिसीमेकिंग में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। प्रौद्योगिकी युग में भी रोगी को सबसे पहले नर्स पर भरोसा है। नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने कहा, कोविड हो या कोई अन्य आपदा, नर्सों ने कभी अपने कर्तव्यों से मुँह नहीं मोड़ा है। वे फ्रंटलाइन वारियर्स थीं, हैं और रहेंगी। तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रो. एम. जेसलीन बोलीं, नर्सिंग वह पुल है, जो चिकित्सा और मानवीय संवेदनाओं को जोड़ता है। सच्चाई यह है, नर्सें की दुआएं दवा से ज्यादा असर करती है। तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रो. श्युली सेन ने कहा, नर्सें अस्पताल की नींव हैं। इन्हें मजबूत किया तो पूरा ढांचा स्वयं स्थिर हो जाएगा। इस अवसर पर डॉ. नेहा आनंद, डॉ. विनिता जैन, प्रो. रामनिवास, सुश्री छाया राठौर, सुश्री अंकिता चौहान के संग-संग नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## अवैध निर्माण के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सख्त कार्रवाई

**मुरादाबाद।** एम डी ए के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देश पर प्राधिकरण प्रवर्तन दल द्वारा थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत जोन-18, जोन-3, रामपुर रोड स्थित महालक्ष्मी ट्रैवल्स के निकट मकसूद आलम एवं सकूर आलम द्वारा बिना प्राधिकरण स्वीकृति के लगभग 400 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे स्कूल निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। उक्त निर्माण उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं का घोर उल्लंघन पाया गया। इस संदर्भ में प्राधिकरण द्वारा वाद संख्या MUDA/ANI/2024/0002483 योजित करते हुए प्रवर्तन दल द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को सील बंद कर विधिसम्मत कार्यवाही अमल में लाई गई। उपाध्यक्ष के द्वारा जानकारी दी गई कि मुरादाबाद नगर क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र व प्राधिकरण की अनुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उपाध्यक्ष के द्वारा प्रवर्तन दल को निर्देशित किया गया है कि शहर में सभी अवैध निर्माणों की पहचान कर नियमानुसार तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे नगर क्षेत्र में सुव्यवस्थित विकास एवं नगरीय सौंदर्यीकरण बना रहे।

## 16 मई को मनाया जाएगा राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष 16 मई 2025 को "राष्ट्रीय डेंगू दिवस" के रुप में मनाया जाता है, जिससे कि मानसून से पूर्व रोग निवारक गतिविधियों को तेज किया जा सके। स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने वाले बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण कई देशों में डेंगू नियंत्रण में प्रभावी साबित हुए हैं। इसलिए डेंगू लार्वा (एडीज) के प्रजनन को कम करने और संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए स्थानीय अधिकारियों एवं समुदायों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष 10वें "राष्ट्रीय डेंगू दिवस" को (देखें, साफ करें, ढके: डेंगू को हराने के उपाये करें) की थीम के रुप में मनाया जायेगा। इसका उद्देश्य डेंगू/चिकनगुनिया रोग के रोकथाम व नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य कर्मियों, विद्यार्थियों एवं जनसामान्य को संवेदीकृत करना है।

## देश के प्रतिष्ठित पत्रकार विक्रम राव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय के.विक्रम राव का आज यहां भैंसाकुंड पर राजकीय सम्मान ( गॉड ऑफ ऑनर) के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे। बैकुण्ठ धाम पर उनके पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया। इससे पूर्व पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए यू.पी. प्रेस क्लब में रखा गया, जहां उनकी पत्नी डॉ. सुधा राव, बेटी विनीता राव और छोटे बेटे विश्वदेव राव तथा बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे। यू.पी. वर्किंग जनर्लिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, लखनऊ मण्डल अध्यक्ष शिव शरण सिंह और यू.पी. प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने पत्रकार संगठनों की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके अलावा शोक व्यक्त करने वालों में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी , केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला , मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी , नितिन अग्रवाल, ट्रेड यूनियन नेता उमाशंकर मिश्रा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल , समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक राजपाल कश्यप, उत्तर प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित , उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू, अपना दल के प्रवक्ता संजीव सिंह राठौड़ , एन.सी.पी. नेता सिराज मेंहदी, इंसराम अली, पत्रकार पुण्य प्रसून बाजपेई, हेमंत शर्मा,अमिताभ अग्निहोत्री , अवधेश कुमार, विधायक शलभ मणि त्रिपाठी , आरएलडी नेता अनिल दुबे , विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह , पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी , भाजपा प्रवक्ता एसएन सिंह, संपादक टाइम्स आफ इंडिया प्रवीण कुमार, संपादक हिंदुस्तान टाइम्स प्रियांशु मिश्रा यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल मुरादाबाद के अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की आदि शामिल थे।



**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( सी०डि० ) न्यू कोर्ट नं०-1 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :**829/2024
**तारीख पेशी:** 17.05.2025
**मकसूद अली बनाम मजाहिर हुसैन आदि।**
मकसूद अली उम्र 46 वर्ष पुत्र बब्बू खां मरहूम निवासी गली नं० ए/7, जयन्तीपुर पं० इस्लाम नगर, करूला, शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1.मजाहिर हुसैन उम्र 40 वर्ष पुत्र हिदायतुल्ला निवासी ग्राम व पोस्ट मदाला फतेहपुर जिला सम्भल, 2. श्रीमती हिना उम्र 42 वर्ष पत्नी शावेज निवासी जामा मस्जिद, वारसी नगर, गली न० 7. शहर व जिला मुरादाबाद, 3. मौ० नबी उम्र 31 वर्ष पुत्र श्री नसीम निवासी आजाद नगर, निकट हाशमी मस्जिद, शहर व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।** चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 05 के दिवस 17 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 05 के दिवस 13 को निकाली गयी है।
**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( सी०डि० ) न्यू कोर्ट नं०1, मुरादाबदा।**

**बेदखली सूचना**
मैने अपने पुत्र मोहम्मद नदीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद नदीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मोहम्मद नबी पुत्र श्री हजमतउल्ला निवासी करुला निकट वीनस इंडिया फार्म हाउस थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।

**संबंध विच्छेद सूचना**
मैंने अपनी पुत्री गीता पत्नी हरिशंकर निवासी उस्मानगंज पतपुरी मिलक, जिला रामपुर को गलत आचरण, दुर्व्यवहार, विवाद व कलह करने के कारण अपने पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में गीता के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **तोताराम पुत्र बुद्धत सिंह निवासी ईमरतपुर उधो, पोस्ट हुसैनपुर हमीर, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

## टीबी से बचाव को कैम्प लगाकर लगाया टीका

**कांठ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर में टी बी से बचाव के लिए करीब 10 लोगों को टीका लगाया गया इसमें स्टाफ के लोग भी शामिल थेस डॉक्टर जगवीर ने बताया टीका हाई रिस्क बाले मरीजों को लगाया जाएगा। जैसे डायबिटिक, तंबाकू,अल्कोहल का सेवन करने वाले लोग,डायलासिस करा रहे मरीज आदि को लगाया जाएगा। जिससे उनके अंदर टीबी के संक्रमण का पता किया जाएगा। जिन लोगों को पॉजिटिव आयेगा उनका चेस्ट एक्सरे कराया जाएगा यदि किसी को एक्सरे पॉजिटिव आता है तो इसको टीबी को दवाई चलेगी। और जिसका एक्सरे दमहंजपअम होगा उसको टीबी प्रिवेंटिव थियरपी की दवाई चलेगी। जिसमे मरीज को हफ्ते में एक बार दवाई खिलाई जाएगी। जो 12 हफ्ते तक दी जाएगी। इससे बिना लक्षण वाले मरीजों को टीबी इन्फेक्शन मिलने पर उनको टीबी की बीमारी होने से बचाया जा सकेगा।इस अवसर पर डॉ. जगवीर सिंह (एसटीएलएस), निहाल खान (एसटीएस), चिरंजन ( लैब टेक्नीशियन), पूनम ( लैब टेक्नीशियन), बीपीएम चंद्रशेखर यादव आदि मौजूद रहे।



## सहकारी ग्राम विकास बैंक कांठ में आंतरिक रूप से मनाया काला दिवस,ये कैसा विरोध

**कांठ।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के कर्मचारियों में अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं मिलने से आक्रोश हैं। वेतन भुगतान को ऋण वसूली व्यवसाय से जोड़ने के प्रस्ताव के विरोध में बैंककर्मियों ने सभी शाखाओं में 13 मई को काला दिवस मनाने की घोषणा की थी। लेकिन स्थानीय शाखा पर ना विरोध हुआ और ना काला दिवस मनाया गयासउत्तर प्रदेश सहक. ारी ग्राम विकास बैंक कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री मो. आसिफ जमाल के मुताबिक 13 मई को बैंक की सभी 323 शाखाओं में कर्मचारियों द्वारा काला दिवस मनाया मनाए जाने का आह्वान किया थास बताया गया था कि कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। 500 से अधिक कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हें पिछले चार माह से वेतन नहीं दिया गया है। प्रांतीय आह्वान के बाद भी कांठ शाखा में ना तो विरोध हुआ और न काला दिवस मनाया गया। कर्मचारियों ने बताया कि आंतरिक रूप से तो विरोध है लेकिन अभी खुलकर विरोध नही जताया जा रहा है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलसाना
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 13.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पीपलसाना विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 28.05.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.05. 2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी अस्पताल से इजहार हुसैन के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 75 मी0 | 393329/- | 1000 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पीपलसाना**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**



### कार्यालय ग्राम पंचायत पीपलसाना
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 13.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चक पीपलसाना विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 28.05.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.05.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल. मी. में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिहान के घर से छिद्दा के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, व बजरफुट रोड़ा आदि | 75 मी0 | 319899 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 2 | मेहरान के घर से लईक की दुकान तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 144 मी0 | 461359 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 3 | अतीक के घर से दिलशाद तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 142 मी0 | 245489 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 4 | मुन्ना के प्लाट से मैन रोड तक दीवार/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 120 मी0 | 575953 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 5 | बब्लू के घर से हनीफ के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 80 मी0 | 198712 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 6 | मकसद के घर से अख्तर के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 155 मी0 | 368946 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 7 | मैन रोड से आविद के प्लाट तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 100 मी0 | 444932 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 8 | हरपाल के घर से आसिफ के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 99 मी0 | 293617 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 9 | कलुवा के चौक से मुंशी के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 120 मी0 | 514573 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 10 | नदीम के घर से कब्रिस्तान तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 80 मी0 | 392988 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 11 | भूरा के घर से अशफाक हुसैन तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 80 मी0 | 395019 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 12 | बड़े के घर से मैन रोड तक नाली/ टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 165 मी0 | 564237 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 13 | नईम के घर से लल्ला के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 135 मी0 | 237976 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 14 | मैन रोड से मुन्तियाज के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 60 मी0 | 296854 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 15 | सज्जाद के घर से कब्रिस्तान तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 230 मी0 | 537674 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 16 | एफबी स्कूलसे कब्रिस्तान के कौने तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 107 मी0 | 400340 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 17 | मैन रोड से रफत के प्लाट तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 60 मी0 | 209113 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 18 | स्वास्थ्य केन्द्र में नाली निर्माण टाईल्स आदि कार्य। | ,, | 01 | 122820 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 19 | भूरा भाई से चौक तक नाली/ टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 135 मी0 | 468963 | 1000 | 2% | 11 माह |
| 20 | चामुंडा से मैन रोड तक नाली/ टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 120 मी0 | 566605 | 1000 | 2% | 11 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पीपलसाना**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


# तेंदुए ने किया ग्रामीण पर हमला, रेस्क्यू करने में छुटे वन विभाग के पसीने

## ● सात घंटे बाद पिंजरे मे कैद हुआ तेंदुआ







**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आलमगीरपुर मे खेत पर जा रहे किसान सुनील 40 वर्ष पुत्र हरिवंश पर तेंदुए ने हमला बोल दिया। तेंदुआ होने की सूचना पर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या मे इकट्ठा हो गए और पुलिया मे घुसे तेंदुए को घेर लिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम व स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तेंदुए का रेस्क्यू किया। बता दें कि तेंदुए का रेस्क्यू करने मे वन विभाग के पसीने छूट गए,पुलिया ( माइनर ) मे बैठे तेंदुए को पिंजरे मे कैद करने मे वन विभाग को 7 घंटे से अधिक का समय लग गया।वहीं तेंदुए के हमले मे घायल हुए युवक को खतरे से बाहर बताया जा रहा है। उधर ग्रामीणों को तेंदुए की दस्तक के बाद और भी अन्य तेंदुए आस - पास के जंगल मे होने का डर सता रहा है। ग्रामीण मे तेंदुए के हमले के बाद ग्रामीणों मे दहशत का माहौल है।

### ● मंढ़ी मंदिर पर हो रहे अवैध निर्माण रूकवाए जाने लेकर मंदिर कमेटी सहित

## भाजपा कार्यकर्ताओं का संयुक्त मंडल मिला मंडलायुक्त से

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मुरादाबाद हाईवे पर स्थित श्री शिव मणि मंदिर सभा के पदाधिकारी तथा भाजपा कार्यकर्ताओं का संयुक्त मंडल मुरादाबाद में मंडल आयुक्त से मिला । संयुक्त मंडल ने मुरादाबाद आयुक्त को बताया कि मढ़ी मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक अस्पताल का अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है यह निर्माण मणि मंदिर सभा की गाटा संख्या 595 रक्तवा 0.376 हेक्टर मौज फतेहुल्लाह गंज ठाकुरद्वारा पर किया जा रहा है । आयुक्त बताया गया कि इस भूमि पर लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व भू माफिया ने कई ट्राली मिट्टी डाली थी जिसकी शिकायत भी आपसे की गई थी तब आपने कार्रवाई करते हुए तत्कालीन एसडीएम को इस अवैध अतिक्रमण को रोकने को कहा था । मुरादाबाद मंडल के आयुक्त ने आयुर्वेद अस्पताल द्वारा अवैध निर्माण को रोकने के लिए एटीएम ठाकुरद्वारा को निर्देशित किया कि इस अवैध निर्माण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई करने को कहा मणि मंदिर का संयुक्त मंडल ने आयुक्त को बताया कि इस निर्माण कार्य के संबंध में 3 में को संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन दिया गया था लेकिन उन्होंने कोई उचित कार्यवाही नहीं की इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है उसके बाद निर्माण कार्य को रोक दिया गया है सिस्ट मंडल ने आयुक्त बताया कि नगर ठाकुरद्वारा में कई भू माफिया मणि मंदिर की भूमि पर निगाह लगाएं बैठे हैं उन्होंने भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया मुरादाबाद आयुक्त से श्री शिवमंदिर सभा के अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल मंत्री कमलेश कुमार अग्रवाल व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल कुशल अग्रवाल रचित अग्रवाल संदीप अग्रवाल ठाकुरद्वारा विधानसभा भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार सुरेंद्र गुप्ता आशुतोष अग्रवाल ने मुलाकत की।

## शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी का शांतिभंग में चालान

**ठाकुरद्वारा।** कोचिंग सेंटर शिक्षक के साथ मारपीट के मामले में नामजद आरोपी को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी रोहित कुमार ने नगर के एक कोचिंग सेंटर पर शिक्षक है। तीन पूर्व नगर के चार युवको ने दवात खिलाने वहाने बुलाकर अपने कमरे पर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।

घायल की शिकायत पर पुलिस ने अनिल कुमार पुत्र विक्रम सिंह सहित चार के खिलाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मंगलवार को पुलिस ने नामजद आरोपी नगर निवासी अनिल कुमार को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

### आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर नियमित फीडबैक भी अवश्य लें अधिकारी: डीएम

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में विकास कार्यो एवं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार विकास योजनाओं की प्रगति से संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एम0ओ0यू0 मानीटरिंग के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने जीएमडीआईसी को उचित कार्यवाही कर पेंडेसिंयों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस को सभी अधिकारीगण ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और नियमित रुप से शिकायत कर्ता से संपर्क स्थापित करके फीडबैक अवश्य लें। उन्होंने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को बिजली बिल संशोधन, ससमय बिल उपलब्ध करवाने संबंधी इत्यादि समस्याओं के निस्तारण हेतु क्रियाशील होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को छात्रवृत्ति संबंधी पेंडेसिंयों को दूर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में पीएम आवास योजना शहरी, पीएम आवास योजना ग्रामीण, स्मार्ट सिटी मिशन, सेतुओं का निर्माण, सड़को का अनुरक्षण, मानव संपदा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सड़कों का निर्माण, पोषण अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम फसल बीमा योजना, दुग्ध विकास, कन्या विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारी को यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# निरंकारी संत समागम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** संत निरंकारी मिशन की ब्रांच करनपुर चौराहा में समर्पण दिवस के अवसर पर एक क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में स्टेज पर विराजमान महात्मा गुरदयाल सिंह ने अपने प्रवचनों में कहा की निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज की याद में यह समर्पण दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष 13 मई को किया जाता है इसी क्रम में आज 13 मई 2025 को ब्रांच करनपुर चौराहा में एक विशाल सत्संग का आयोजन किया गया उन्होंने अपने प्रवचनों में कहा की मानवता के मसीहा शांति एवं सद्भाव को विश्व भर में प्रसारित करके शांतिपूर्ण विश्व की परिकल्पना को साकार करने वाले सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने मानव मात्र को जीवन पर्यंत प्रेम और शांति का पाठ पढ़ाया धरती पर बसने वाले प्रत्येक मानव को जागरूकता प्रदान की प्रभु की अनुभूति करके ही विश्व में आदर्श समाज की स्थापना की जा सकती है।

बाबा हरदेव सिंह जी महाराज अपने जीवन की अंतिम सांसों तक इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रयासरत रहे बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने 36 वर्षो तक सतगुरु रूप में मानव मात्र को प्रेम एवं भाईचारे का पाठ पढ़ाया।

उन्होंने कहा कि एक ईश्वर को जानकर ही ईश्वर भक्ति करना ही मानव का प्रथम कर्तव्य है और एक परमात्मा को जान कर मानव में एकत्व की भावना जागृत हो सकती है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह, कमल कुमार, त्रिवेणी शंकर ,महेंद्र सिंह भजन सिंह, होती सिंह ,विनोद कुमार ,पप्पू सिंह, मुनेश कुमार ,नन्हे सिंह, भारत सिंह, मुकेश कुमार रामवीर सिंह, किशनपाल सिंह, राजकुमार सिंह, ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी ,कमलेश देवी, ज्योति सिंह ,वीरवती देवी निशि देवी कामिनी आस्था, वंशिका, अवनी आदि उपस्थित रहे मंच का संचालन राज वीर सिंह ने किया सत्संग कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बाद ही श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।



## सुंदरकांड के उपरांत तहसील में भंडारे का हुआ आयोजन

**कांठ।** सुंदरकांड के उपरांत तहसील में आज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ताओं एवं बार से जुड़े लोगों और अधिकारियों ने शामिल होकर धर्म लाभ उठाया बड़े मंगलवार को लेकर आज तहसील बार एसोसिएशन कांठ की ओर से बार सभागार में सुंदर कांठ महेश बिश्नोई के मुखारविंद से कराया गया। जिसमें तहसील के अधिवक्ता, मुंशी, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पहुंच कर धर्म लाभ उठाया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और इस तरह के आयोजन बार-बार कराए जाने पर बल दिया।

## जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी अतीक अहमद ने फाइनल मैच का फीता काटकर किया उद्घाटन

**भोजपुर।** विधानसभा 27 के गांव सीकमपुर पांडे में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी अधिक अहमद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर खेल को बढ़ावा देने की बात कही। मंगलवार को वार्ड 36 के गांव सिकमपुर पांडे में खेले गए क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अतीक अहमद ने कहा कि खेल युवा वर्ग को अनुशासन, स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच की और अग्रसर करता है। यदि क्षेत्र की जनता ने इस बार मुझे जनसेवा करने का अवसर दिया तो क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी मेरा हर संभव प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधा मुखिया कराई जाए। मैच का फाइनल मुकाबला खेल रही सरकड़ा खास और रामपुर भीला टीमों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। खेल का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ जिसमें विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी नगद पुरस्कार प्रदान किया गए। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अतीक अहमद का आभार व्यक्त करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया।



### एक नजर

## सीडीपीओ की मौजूदगी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ती में हुई मारपीट

**कुन्दरकी।** मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी ब्लॉक कार्यलय उस समय अखाड़ा बन गया जब दो आंगनवाड़ी कार्यकर्तीयो में जमकर मारपीट हो गई। दोनों ने एक दूसरे को खूब पीट और गंभीर आरोप भी लगाए। दरअसल गांव आह्लादपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सायरुन जहां का आरोप है, उनका जनवरी से लेकर मार्च तक का बच्चों का आहार किसी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को आवंटित कर दिया गया। जिसकी शिकायत लेकर वह सीडीपीओ के पास आई थीं। वह शिकायत करके लौट रहीं थी तभी कार्यलय में खड़ी कंचन नाम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती ने उन पर कोई टिपड़ीं कर दी। जिसका उन्होंने विरोध किया तो दोनों में मारपीट हो गई।



वहां मौजूद सीडीपीओ ने दोनों में बीच बचाव कराया सीडीपीओ सुरेंद्र कुमार का कहना है। दोनों को नोटिस देकर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान शिकायत लेकर आई आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सायरुन ने विभाग के लोगो पर राशन में घोटाला करने के आरोप भी लगाये।

## नगर मे निकाली भाजपाइयो ने तिरंगा यात्रा

**कुंदरकी।** नगर मे भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ की बैठक हुई जिसमे आगामी कार्यक्रमो को लेकर चर्चा हुई बैठक मे शक्तिकेंद्र संयोजक तथा बूथ अध्यक्ष शामिल हुए बैठक के वाद कार्यकर्ताओ ने तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे मडंल अध्यक्ष सजय कश्यप ने वताया की देश की रक्षा के लिए सैनिको ने अपना बलिदान दिया है अमर शहीदो की कुर्बानी को बेकार नही जाने दिया जायेगा।



तथा मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर ने कहा की हमे भी समाज की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान,मङल अध्यक्ष संजय कश्यप,मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर,निवर्तमान मडंल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट,मङल महामंत्री संजय दिवाकर, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नक्से अली,पकंज शर्मा,शुऐव श गौतम आदि मौजूद रहे।

## सरकार से मंसूर आलम को मिलना चाहिए सम्मान

**कुन्दरकी।** वरिष्ठ समाजसेवी मेटल मास्टर्स मंसूर आलम लगातार लोगो की खितमत के लिए तैयार रहते हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी अलग पहचान है। दिव्यांग जन सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें सरकार से सम्मान दिलाये जाने की मांग की जा रही है। दिव्यांग जन सेवा समिति के कार्यकताओं का कहना है। मंसूर आलम लगातार पिछले 20 वर्षो से सामा. जिक क्षेत्र में समाज सेवा के काम करते हैं। ऐसे सामाजिक इंसान को सरकार से सम्मान मिलना चाहिए। वक्ताओं ने कहा सरकार की तरफ से दिए जाने वाले सामाजिक क्षेत्रों के लोगो सम्मान में उनका नाम दिया जाना चाहिए। इससे उनका मनोवल बढ़ेगा और आगे भी और लोगो को प्रेणना मिलेगी।



## घर में चल रहा अवैध स्लाटर हाउस पकड़ा, साढ़े चार क्विंटल भैंस का मांस बरामद, पांच पर केस

**भोजपुर।** पुलिस ने मोहल्ला गुलाबबाड़ी में जफर कुरैशी के घर छापेमारी कर साढ़े चार क्विंटल भैंसवंशीय पशुओं का मांस बरामद किया है। कटान कर रहे पांच मांस कारोबारी पुलिस को चकमा देकर भाग गए। पुलिस ने मौके से मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर सील कर दिये। मंगलवार को सुबह 7 बजे भोजपुर चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह,उप निरीक्षक रामकुमार हमराही पुलिस कर्मियों के साथ लेकर क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों, वाहन चौकिंग और पैंडिंग प्रार्थना-पत्रों की जांच कर रहे थे। मुखबिर ने मोहल्ला गुलाबबाड़ी में जफर कुरैशी के मकान में अवैध रूप से भैंसों का कटान होने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जफर कुरैशी के लोहे के गेट की झुर्रियों में झांककर देखा तो 5 व्यक्ति भैंसवंशीय पशुओं का कटान करते दिखे। पुलिस को घर के पास देखकर पांचों आरोपी जीने के रास्ते छत पर चढ़कर फरार हो गये। भागते हुए आरोपियों में से तीन की पहचान बीट सिपाही कपिल कुमार ने जफर पुत्र इस्माईल,फईम पुत्र छोटे, मुजफ्फर पुत्र जफर के रूप में की। पुलिस ने मौके से दो भैंसवंशीय पशुओं के सिर-पैर, साढ़े चार क्विंटल मांस, कुल्हाड़ी, छुरी, सुम्मी, खालें कब्जे में लेकर कर पशु चिकित्सक हरप्रीत सिंह को मौके पर बुलाकर बरामद मांस की जांच कराई। पशु चिकित्सक ने मांस के भैंस वंशीय पशुओं का होने की पुष्टि की।घ्बरामद मांस को पुलिस ने चिकित्सक की मौजूदगी में ढेला नदी के किनारे जेसीबी से गड्ढा कर जमीन में दबा दिया। पुलिस ने तीन नामजद एवं दो अज्ञात मांस कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दीं।घ्आरोपी घर से फरार हो गए।


### कार्यालय ग्राम पंचायत सेहल
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 09.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सेहल विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 24.05.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 24.05.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरीश के घर से मुश्ताक के घर तक नाली/ पुलिया / टाईल्स आदि कार्य। | ईट, सीमेंट रोड़ा आदि | 191 मी0 | 581825/- | 1000 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सेहल**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# अहमदाबाद में हो सकता है IPL फाइनल




## 17 मई से टूर्नामेंट, पाक से तनाव के कारण 8 दिन के लिए रोके थे मैच

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा जा सकता है। टूर्नामेंट का फाइनल 3 जून को खेला जाना है।

एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेडयूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेआफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेआफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है। बोर्ड शेडयूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गति. विधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं। 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे। पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुक. ाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेआफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेआफ मैच खेले जाने थे। धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच रोका गया मैच 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 7 मई तक 57 मैच हो चुके थे, 8 मई को 58वां मैच बीच में रोकना पड़ा था। यानी अब 17 मुकाबले बाकी हैं। इनमें 13 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्लेआफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुकाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्लेआफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें एलिमिनेट हो चुकी हैं। बाकी टीमें अभी प्लेआफ की रेस में बरकरार हैं। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के कुछ प्लेयर्स वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को ध्यान में रखते हुए भारत आने से मना कर सकते हैं। आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल मई की विंडो उपलब्ध होती है।



● कोहली के जल्दबाजी में संन्यास पर उठ रहे सवाल

# 10 हजार रन बनाकर इस फॉर्मेट में तीसरे टॉपर बन जाते

**नई दिल्ली, वार्ता।** 36 साल के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वे अगर 1-2 साल और खेलते तो 10 हजार रन बनाकर इस फार्मेट में भारत के तीसरे टॉप स्कोरर बन जाते, लेकिन विराट ने रिकार्ड की परवाह नहीं की। विराट भारत के चौथे टॉप स्कोरर रहे। देश के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर में को. हली ने ही सबसे जल्दी संन्यास लिया। सचिन तेंदुलकर ने तो 36 साल की उम्र के बाद 9 टेस्ट शतक और लगा दिए थे। वे 40 साल तक खेले, लेकिन विराट ने इस फार्मेट में अपना करियर लंबा नहीं होने दिया।

विराट कोहली ने 2019 में अपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। अगले ही साल कोरोना वायरस आया, मुकाबले कम होने लगे और कोहली ने अपना पीक फार्म खो दिया। 2019 तक उन्होंने करीब 55 की औसत से 7202 रन बना लिए थे। वे अगले 5 साल के 39 टेस्ट में महज 31 की औसत से 2028 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बैट से 3 ही सेंचुरी निकलीं। कोहली के खराब फार्म में कोरोना के बाद की बालिंग फ्रेंडली पिचों का योगदान भी बड़ा रहा। महामारी के बाद कोहली ने 37 टेस्ट में 32.09 की औसत से रन बनाए, जो उनके स्टैंडर्ड से बेहद सामान्य रहा। हालांकि, इस दौरान दुनिया भर के टॉप-7 बैटर्स का औसत महज 29.87 का रहा। वहीं को. हली को छोड़कर टीम इंडिया के बाकी टॉप-7 बैटर्स का औसत भी 31.15 का ही रहा। यानी कोहली पिछले 5 साल में दुनिया के टॉप बैटर्स में कम्पीट तो करते रहे, लेकिन उन्हें अपने ही स्टैंडर्ड में गिर जाना नहीं पसंद आया। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली 3 सीरीज में भी कोहली आउट आफ फार्म नजर आए। वे एक फिफ्टी और एक सेंचुरी ही लगा सके। 3 से 5 जनवरी तक उन्होंने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला और मई में संन्यास ले लिया। गौतम गंभीर अगस्त 2024 में टीम इंडिया के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने कोच बनते ही बयान दिया था कि वे टीम इंडिया के स्टार कल्चर को खत्म करना चाहते हैं। उनका मानना रहा कि फैंस और मैनेजमेंट का फोकस प्लेयर के रिकाड्र्स से ज्यादा टीम की जीत पर होना चाहिए। गंभीर की एंट्री के बाद बीसीसीआई ने लंबे दौरों पर परिवार के ज्यादा समय साथ रहने पर पाबंदी लगा दी। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और टीम के कुछ सीनियर प्लेयर इस फैसले से नाराज नजर आए। गंभीर के कोच बनने के बाद टीम ने न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान और ऑस्ट्रेलिया से उन्हीं के मैदान पर सीरीज हार झेली। जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली को संन्यास लेना पड़ गया। गौतम गंभीर की कोचिंग में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट ने टेस्ट से संन्यास लिया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के साथ होने वाली श्रृंखला के लिए टीम की घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सफेद गेंद श्रृंखला के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए हैरी ब्रूक को टीम का कप्तान बनाया है। 29 मई से शुरू होने वाली इस श्रृंखला के तहत दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 खेले जायेंगे। लियाम डॉसन की सितंबर 2022 के बाद पहली बार टी-20 प्रारुप में लौटे हैं। इसकी के साथ फिल साल्ट और ल्यूक वुड की भी टी-20 टीम में वापसी हुई है जबकि विल जैक्स दोनों टीमों में खेलेंगे।

**एकदिवसीय टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, जो रूट और जेमी स्मिथ।

**टी-20 टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट और ल्यूक वुड।

# सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं



### विराट के टेस्ट संन्यास के बाद 100 शतकों का रिकॉर्ड अटूट, भविष्य में भी नहीं दिखता कोई दावेदार

**नई दिल्ली, वार्ता।** कहा जाता है कि रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। हालांकि, क्रिकेट के कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं, जो कालजयी बन जाते हैं। इनका टूटना लगभग नामुमकिन माना जाता है। जैसे 50 से ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद डान ब्रैडमैन का 99.94 का औसत। इंटरनेशनल क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन का 1347 विकेट का रिकॉर्ड। विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी इसी फेहरिश्त में शामिल हो सकता है। वैसे सचिन के कारनामे से विराट सिर्फ 18 शतक पीछे हैं, लेकिन टेस्ट को अलविदा कहने के बाद उनके लिए अब 100 शतकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है। स्टोरी में आगे जानेंगे कि ऐसा क्यों है। साथ ही यह भी जानेंगे कि वर्तमान और भविष्य का कोई अन्य बल्लेबाज भी इस नंबर तक क्यों नहीं पहुंच सकता है। विराट अब सिर्फ वनडे पर निर्भर पिछले साल भारत को चैंपियन बनाने के बाद विराट ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने टेस्ट को भी अलविदा कह दिया है। अब अगर उन्हें सचिन के रिकॉर्ड तक पहुंचना है, तो वनडे में ही 18 शतक जमाने होंगे। विराट ने हिंट दी है कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक इस फार्मेट में खेलना जारी रख सकते हैं। विराट वनडे में औसतन हर 6 पारी में एक शतक जमा देते हैं। इस रफ्तार से उन्हें 18 शतक के लिए 108 पारियां खेलनी पड़ेंगी। 2020 से भारत हर साल औसतन 16 वनडे खेलता है। इस लिहाज से अगले वर्ल्ड कप भारतीय टीम मुश्किल से 40-50 मैच खेल पाएगी। विराट अगर सभी मुकाबले खेल लेते हैं तब भी वे ज्यादा से ज्यादा 7 से 8 शतक ही लगा पाएंगे। यानी उनके लिए अब 100 शतक तक पहुंच पाना लगभग असंभव है। एक्टिव प्लेयर्स में कोई आस-पास नहीं फैब-4 में शामिल बल्लेबाजों की बात करें तो सचिन के महा रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं है। जो रूट 53, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन 48-48 शतक ही बना सके हैं। इनमें से किसी का 100 शतकों तक पहुंच पाना मुश्किल है। फैब-4 के अलावा, रोहि. हत शर्मा 49 शतक बना चुके हैं। रोहित भी टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में उनका भी तेंदुलकर के रिकॉर्ड तब पहुंच पाना मुश्किल है। फ्यूचर में और कम होंगे वनडे और टेस्ट तेंदुलकर के महाशतकों का रिकॉर्ड टूटने की संभावना कम है। वनडे और टेस्ट मैचों की संख्या लगातार कम हो रही है।




● डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ●

# द. अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया ने टीम घोषित की

### द. अफ्रीका ने टीम की कमान तेम्बा बावुमा को सौंपी, एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी होगी मजबूत

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को लॉड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीकी चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए टीम की कमान आज टेम्बा बवुमा को सौंपी।

द. अफ्रीका ने पाकिस्तान के साथ हुई टेस्ट सीरीज वाली टीम में दो बदलाव करते हुए शेष सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, लेकिन क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम से बाहर रखा है। चोट से उबरने के बाद लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी से गेंदबाजी की धार और तेज हो जायेगी। टोनी डी जोंजी, रयान रिकेल्टन और एडन मारक्रम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की कमान संभालेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे अपना जौहर बिखेरेंगे। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो मुल्डर और जेनसन के साथ कैगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के तेज गेंदबाजी की कामन होगी। केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में जगह दी गई। डब्ल्यूटीसी के फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है:- तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोंजी, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन। टीम को लेकर मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि इस टीम ने इंग्लिश परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह की तैयारियाँ की हैं और यह एक संतुलित टीम है। कॉनराड ने कहा कि सबसे पहले, मैं इस टीम के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। इस समूह के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भाग लेना एक विशेष क्षण है। पिछले 18 महीनों में, हमने एक प्रतिस्पर्धी रेड-बॉल टीम बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

**ऑस्ट्रेलिया** ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पैट कमिंस की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयनकर्ताओं ने चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया है। टीम में मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड तथा अनुभवी बल्लेबाज के रूप में उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और

### जोश हेजलवुड और कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया गया

विकेटकीपर एलेक्स कैरी को जगह दी गई हैं। जोश इंगलिस को भी बैकअप विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है साथ ही युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन स्पिन विकल्प के रूप में नाथन लियोन के साथ शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है और हम भाग्यशाली हैं कि पैट, जोश और कैम फिट होकर वापसी कर रहे हैं। टीम डब्ल्युटीसी खिताब के बचाव और लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीकी टीम का सामना करने के लिए उत्साहित है।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

## मरीन ड्राइव पर राजस्थान के राइडर्स का दबदबा, दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

### लड़कों की 30 किमी. की रोमांचक रेस में राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप किया

**पटना, वार्ता।** बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव पर मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में राजस्थान के साइकिलिस्टों ने तूफानी प्रदर्शन किया। यहां ठंडी हवाओं और दर्शकों की भारी भीड़ के बीच राजस्थान के राइडर्स ने व्यक्तिगत टाइम ट्रॉयल में अपना दमखम दिखाया और छह में से पांच पदक अपने नाम किए,

जिनमें से दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। लड़कों की 30 किलोमीटर की रोमांचक रेस में तो राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप कर दिया। दोनों ही वर्गों में महाराष्ट्र की जुल गंजम नारकर एकमात्र ऐसी राइडर रहीं, जिन्होंने राजस्थान के दबदबे को चुनौती दी। नारकर ने 20 किलोमीटर की रेस 32 मिनट और 49-291 सेकेंड (औसत रफ्तार 36-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया। लेकिन, स्वर्ण पदक पर कब्जा राजस्थान की मंजू चौधरी ने किया। बीकानेर में अभ्यास करने वाली बाड़मेर की इस बेटी ने 32 मिनट 15-142 सेकेंड (औसत रफ्तार 37-2 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि मंजू का यह पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और वह सिर्फ रोड रेसिंग में ही हिस्सा लेती हैं। मंजू की टीम की साथी रुक्मिणी भी पीछे नहीं रहीं और उन्होंने 33 मिनट 40-233 सेकेंड (औसत रफ्तार 35-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल गेम्स की चैंपियन और दो साल पहले ही साइक्लिंग शुरू करने वाली मंजू ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आई थी और मैं अपने परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे रोड रेसिंग बहुत पसंद है और मैं सिर्फ टाइम ट्रायल में ही हिस्सा लेती हूं। यहां रेस करने में मुझे बहुत अच्छा लगा। महिलाओं की इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की शिवानी कृष्ण पारित चौथे और मेजबान बिहार की अमृता कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 30 किलोमीटर टाइम ट्रायल रेस में राजस्थान के रामवतार चिम्पा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्वीप किया। रामवतार ने 40 मिनट 21:245 सेकेंड (औसत रफ्तार 44.6 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, उनके साथी महादेव सारन ने 40 मिनट 49:486 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.9 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक भी राजस्थान के ही महावीर सारन के नाम रहा, जिन्होंने 41 मिनट 43.480 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.1 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी की।

## अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 10% जुर्माना



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्टू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

# बीसीबी ने शॉन टेट को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया



**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज शॉन टैट को अपनी टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

शॉन टैट का अनुबंध नवम्बर 2027 तक होगा। वह आंद्रे एडम्स का स्थान लेंगे। टैट इस महीने के आखिरी में टीम के साथ शामिल होंगे। टैट ने एक दशक तक चले अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों में 59 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 95 विकेट लिए है। वह वर्ष 2007 में क्रिकेट विश्वकप जीतने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। एडम गिलक्रिस्ट के शानदार शतक ने ऑस्ट्रेलिया को 2007 विश्व कप फाइनल में श्रीलंका पर जीत दिलाने में मदद की। अपनी नियुक्ति पर टैट ने मुख्य कोच फिल सिमंस के नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अभी बंगलादेश क्रिकेट टीम के साथ जुड़ना अच्छा समय है। यह एक नए युग की तरह है। बांग्लादेश की हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला बराबर रही थी और उसे अभी संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी खेलना है।

## माइक हेसन पाक के वनडे और टी-20 कोच बने

### आईपीएल में बेंगलुरु के कोच रह चुके, आकिब जावेद हाई- परफारमेंस डायरेक्टर बने



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को पाकिस्तान का नया व्हाइट-बाल कोच बनाया है। हेसन वनडे और टी-20 के हेड कोच बने हैं। न्यूजीलैंड के माइक 26 मई से अपना पदभार संभालेंगे। हालांकि पीसीबी ने उनके कान्ट्रैक्ट के बारे में जानकारी नहीं दी। 50 साल के हेसन आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2019-23 में हेड कोच रह चुके हैं। 2012-18 तक वे न्यूजीलैंड मेंस टीम के भी कोच रहे। अभी हेसन पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड को कोचिंग दे रहे थे। इस्लामाबाद यूनाइटेड पीएसएल 2024 की विजेता थी। पाकिस्तान के अंतरिम कोच आकिब जावेद को बोर्ड ने हाई-परफारमेंस डायरेक्टर बनाया है। जावेद पाकिस्तान सिलेक्टर्स टीम का अहम हिस्सा होंगे। पाकिस्तान के कोच के रूप में हेसन का पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज होगी। 25 मई से शुरू होने वाली सीरीज का रिशेडयूल होने की वजह से मैच की तारीख में बदलाव होगा। हेसन अकीब जावेद की जगह लेंगे, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में गैरी कर्स्टन के अचानक इस्तीफे के बाद अंतरिम व्हाइट-बाल कोच के रूप में काम किया था। पीसीबी ने कर्स्टन को अप्रैल 2024 में 2 साल के लिए कोच बनाया था। लेकिन 6 महीने के अंदर ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पीसीबी प्रेस रिलीज के जरिए नकवी ने कहा, मुझे न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कोच माइक हेसन को व्हाइट-बाल हेड कोच बनाते हुए खुशी हो रही है। माइक अपने साथ अंतर्राष्ट्रीय अनुभव से शानदार ट्रैक रिकार्ड लेकर आ रहे हैं। टीम में आपका स्वागत है, माइक। टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब रहा।

# तेंदुए के हमले में घायल दलवीर की मौत

## विधायक ने मृतक के घर जाकर परिवार को बंधाया ढांढस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** शुक्रवार को तेंदुए के हमले में घायल हुए नक्शनदाबाद के दलवीर की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा गम के माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। बतादें कि शुक्रवार की सुबह को करीब 8:00 बजे नक्शनदाबाद का दलवीर पुत्र मुन्नू गन्ना खुदाई करने खेत पर गया था जहां बाजरे के खेत से निकलकर तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया आसपास काम कर रहे किसानों के शोर मचाने पर तेंदुआ उसे छोड़कर भाग गया गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया शब आज गांव पहुंचा तो गांव में मातम छा गया क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर भी मृतक के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। गम के माहौल में मृतक दलवीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



# निलंबित प्राचार्य दानवीर यादव का कॉलेज में प्रवेश वर्जित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज प्रकरण में प्रबंधन तंत्र द्वारा कॉलेज के प्राचार्य पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया गया है। पिछले 06 माह से एस.एम. कॉलेज में विवादों को लेकर चर्चाओं में है जिसके चलते बैठक कर प्रबंधन तंत्र द्वारा निर्णय लिया गया कि कॉलेज के निलंबित प्राचार्य प्रो0(डॉ0) दानवीर सिंह यादव के विरुद्ध लैंगिक उत्पीड़न एवं आंतरिक परिवाद समिति के द्वारा 23 अप्रैल 2025 की जांच आख्या में सहायक महिला प्रोफेसर की शिकायत के संबंध में दोषी पाया गया है तथा दंड देने की अनुशंसा की गई है।

इसके आलोक में प्रबंध समिति ने निर्णय लिया है कि प्राचार्य उक्त अनुशंसा का संज्ञान समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है। इस कृत्य से महाविद्यालय की प्रतिष्ठा एवं छवि को भारी आघात पहुंचा है।

एस.एम. कॉलेज के दोनों गेट पर लगे बोर्ड पर बताया गया है कि निलंबित प्राचार्य दानवीर यादव के द्वारा किये गये कृत्य यूनिवर्सिटी रुहेलखंड अध्याय पन्द्रह, भाग-1, सेक्शन 49(0) उपखंड 14.04, ए-1 एवं (2) सब क्लॉज ए(ए), बी (सी)(ई) की परिधि में आते हैं। इसलिए प्राचार्य का निलंबन तत्काल प्रभाव है और विद्यालय में प्राचार्य का प्रवेश वर्जित किया गया है। इस तरह की सूचना का बोर्ड एस.एम. कॉलेज के दोनों गेट पर लगाया गया है।

# सारा हुसैन ने किया हाईस्कूल टॉप

**■ सारा हुसैन चिकित्सक बनकर गरीबों का करेंगी निशुल्क उपचार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रामपुर के वरिष्ठ पत्रकार शुऐब सिद्दीकी की भांजी मुरादाबाद के थाना नागफनी निवासी स्व. खावर हुसैन की पुत्री सारा हुसैन खावर ने सीबीएसई बोर्ड में हाई स्कूल की परीक्षा में स्कूल टॉप किया हैं। सारा के रिजल्ट के बाद उनके घर पर खानदान व अन्य रिश्तेदारों का बधाई देने के लिए तांता लग गया। मुरादाबाद के थाना नागफनी निवासी स्व. खावर हुसैन की पुत्री सारा हुसैन सेंट मैरिस सीनियर सेकेंड्री स्कूल में पढ़ाई करती हैं। सारा ने इस बार हाईस्कूल के पेपर दिये थे जिसमें आज सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट आया हैं। सारा ने 98 प्रतिशत अंक पाकर पूरे स्कूल में टॉप किया हैं जिसके बाद स्कूल की प्रधानाचार्य व अध्यापिकाओं सहित खानदान व अन्य रिश्तेदारों ने सारा के घर जाकर



बधाई देना शुरू की जो देर रात तक चलती रहीं। सारा हुसैन शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल आती हैं। कठिन परिश्रम, मेहनत व लगन के चलते आज सारा ने अपने परिवार का नाम पूरे जिले में रौशन कर दिया। सारा ने बताया कि वह एक योग्य चिकित्सक बनना चाहती हैं। चिकित्सक बनने के बाद वह गरीबों का निशुल्क उपचार करेंगी और समाज सेवा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेगी ताकि निचले तबके के लोगों को अच्छा और बेहतर उपचार मिल सके। सारा ने बताया कि उनकी इस कामयाबी के पीछे उनकी माता सबा जिया का महत्वपूर्ण योगदान हैं तभी उन्होने इस उपलब्धि को हासिल किया हैं। सारा को मुबारकबाद देने वालों में शुऐब सिद्दीकी, परवेज हसन, मसूद असलम, रऊफ हुसैन, समी उल्लाह, सना उल्लाह, नोमान जिया, फहद उल्लाह, अमान हसन, मुदस्सिर हसन, फरमान हुसैन, हुसैन वारसी, अरमान बारी, मुनीब हुसैन, डा. सफी उल्लाह, इबाद जिया, अदान जिया आदि मौजूद थे।

# बीमा क्लेम के नाम पर 100 करोड़ से अधिक की रकम हड़पी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** फर्जी तरीके से बीमा का क्लेम हड़पने वाले गिरोह के खिलाफ अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भी जांच की जायेगी। इस जांच के लिए पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई ने पुलिस मुख्यालय को पत्राचार किया था। ईडी की ओर से जांच के लिए सहमति बन गई है, अब पुलिस के साथ ईडी की जांच इस गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इधर एसपी का कहना है कि सौ करोड़ से अधिक रकम का गबन का अनुमान है। इसलिए ईडी से जांच के लिए आग्रह किया गया है। फर्जी बीमा के मामले में अब 15 एफआईआर अलग-अलग थानों में दर्ज हो चुकी हैं और 40 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और तीन आरो. पियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। बता दें कि गिरोह बीमा क्लेम हड़पने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाता था। पीएमजेवाई सरकारी योजना है, इस योजना में भी फर्जीवाड़ा किया गया है। यह गिरोह सरकारी व निजी कंपननी में कर चुके या मरने की स्थिति वाले लोगों का बीमा करता था, इसके बाद निजी कंपनियों में मिलीभगत कर क्लेम पा लेता था, ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जिसमें माध्यम से बीमा कराया और प्रीमियम भी भरा, इसके बाद लाभ पा लिया। साथ ही गिरोह ने दो दिव्यांग समेत अब तक चार लोगों की हत्या की है, इसके सभी आरोपी जेल जा चुके हैं। 31 जुलाई को बदायूं जिले के थाना बिसौली अंतर्गत गांव दिलवारी नि0 दरियाब (38) की गाड़ी से कुचलकर व हथौड़े से पीटकर हत्या की थी। 50 लाख रु. से ज्यादा की अलग-अलग कंपनी से पॉलिसी कराई गई थीं। इसी तरह बदायूं जिले के ही थाना इस्लामनगर अंतर्गत मौहल्ला बमनपुरी नि0 दिव्यांग संजय की हत्या 20 जून 2024 को उसके छोटे भाई नवीन ने की थी। 95 लाख रु. के बीमा क्लेम हड़पने के लिए यह वारदात अंजाम दी थी।

# टीएमयू के प्रो. मटरेजा को मोस्ट प्रोमिसिंग फार्माक्लोजिस्ट अवॉर्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा को मेडिकल फार्माक्लोजिस्ट सोसायटी-एमपीएस की ओर से मोस्ट प्रोमि. सिंग सीनियर एमडी फार्माक्लोजिस्ट अवार्ड से नवाजा गया।

प्रो. मटरेजा को यह अवार्ड मेडिकल फार्माक्लोजी के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया। एम्स, गुवाहटी की ओर से क्रॉसरोड्स: इन्नोवेशन, एविडेंस एंड फ्यूचर फ्रंटियर्स पर आयोजित इंटरनेशनल क्रॉन्फ्रेंस- एमपीएस कॉन-2025 में प्रो. मटरेजा को यह अवार्ड मिला। प्रो. मटरेजा ने एमपीएस कॉन में टारगेडेट ड्रग डिलीवरी इन नैनो टेक्नोलॉजी एडवांसेज पर अपना व्याख्यान दिया। एम्स, गुवाहटी के डॉ. शिवा मूर्थि एन., डॉ. प्रतिभा डी. नडिग, डॉ. मेलविन जॉर्ज, डॉ. अशोक गोयल, डॉ. सचिन मंचोला, डॉ. जयश्री ने प्रो. मटरेजा को अवार्ड देकर सम्मानित किया। प्रो. मटरेजा ने अपने व्याख्यान में बताया, नैनो टेक्नोलॉजी दवा वितरण की एक अनूठी विधि है। अस्थमा, सिस्टिक फाइब्रोसिस या चिरकालिक फुफ्फुसीय रोग, एचआईवी, कैंसर आदि से पीड़ित रोगियों या लंबे समय तक कॉर्टिकोस्टेरॉइड दवाओं का उपयोग करने वाले रोगियों के लिए यह लाभदायक सिद्ध हो सकती है। नैनोकणों को कैंसर को. शिकाओं जैसे रोग स्थलों पर सीधे दवाएं पहुंचाने के लिए विकसित किया जाता है, जिससे स्वस्थ ऊतकों को होने वाला नुकसान कम होता है। उल्लेखनीय है, प्रो. मटरेजा



09 बरस से तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विभिन्न इंटरनेशनल और नेशनल स्तर पर 100 से अधिक रिसर्च पेपर्स प्रका. शित हो चुके हैं। प्रो. मटरेजा की अब तक दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## एक नजर

### पितृ दोष दिखाकर 40 लाख की ठगी करने के मामले में कांठ के तीन लोग गिरफ्तार

**कांठ।** दैवीय प्रकोप का डर दिखा कर एक महिला से लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के कांठ थाना क्षेत्र के निवासी तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में चार आरोपित फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार बीती 20 अप्रैल को कोटद्वार निवासी जय प्रकाश निवासी की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। बताया कि वर्ष 2022 में उनकी पत्नी के पास एक अनजान



नंबर से फोन आया। दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने स्वयं को माता बताते हुए कहा कि वह उसके व उसके परिवार के बारे में सब जानती है। उन्होंने यह फोन काट दिया। इसके बाद भी लगातार फोन आते रहे और वह फोन काटते रहे। एक दिन फोन करने वाले ने उनकी पत्नी को माता रानी की कसम देते हुए कहा कि यदि उन्होंने उससे बात नहीं की तो उसके पूरे परिवार का सर्वनाश हो जाएगा। उन्होंने डर के कारण उससे बात कर ली। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उन्हें भगवान के नाम पर डराते हुए उनसे पैसे मांगने शुरू कर दिए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने माता के दर्शन करवाने के नाम पर उन्हें व उनकी पत्नी को हरिद्वार बुलाया और हरिद्वार की एक धर्मशाला में एक स्त्री को माता रूप में दिखा उनसे 75 हजार की धनराशि ठग ली। इसके बाद उक्त व्यक्ति व उसके साथियों ने अलग-अलग तरीकों से उनसे 40 लाख से अधिक की धनराशि ठगी।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर दिया। बताया कि मामले में जनपद मुरादाबाद के अंतर्गत कांठ थाना क्षेत्र निवासी बहादरपुर के अनिल, चौतराम व दिनेश जोशी को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। जबकि मुरादाबाद जिले के ही बहादरपुर निवासी अशोक जोशी, सोनू जोशी, राजीव शर्मा और समैलपुर निवासी राज. कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रहीं हैं।

### विवेक शर्मा बने कांठ थाने के नए प्रभारी निरीक्षक

**कांठ।** एसएसपी द्वारा किए गए थाना प्रभारी निरीक्षकों के तबादलो में अब कांठ थाने की कमान ठाकुरद्वारा से आए प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा के



हवाले की गई है जबकि कांठ थाने के प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह को मुरादाबाद कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। एसएसपी ने प्रशासनिक समायोजन एवं रिक्त स्थान की पूर्ति और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने हेतु विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षकों को इधर से उधर किया है जिसमें अब ठाकुरद्वारा के प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा को कांठ थाने की कमान मिली है विवेक शर्मा ने आज थाने पहुंचकर अपना कार्य भार ग्रहण किया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने को प्राथमिकता दिए जाने एवं लोगों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहने का भरोसा दिलाया

### पिता ने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज को दी तहरीर, परिजन गमगीन

बिलारी। नगर के मोहल्ला अंसारियान निवासी मोहम्मद हनीफ पुत्र भोले हुसैन ने कोतवाली में अपने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज को तहरीर दी है। बीती 12 मई को कोतवाली में दी गई तहरीर में मोहम्मद हनीफ ने कहा है कि उनका 17 वर्षीय पुत्र मोहम्मद जुनेद 11 मई शाम 8:00 से घर नहीं पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने मिलने वालों में और रिश्तेदारी में सभी जगह पता कर लिया लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका, इसी को लेकर गुमशुदगी दर्ज को तहरीर दी है अभी तक कोई भी पता नहीं लग सका है, गुमशुदा युवक के पिता ने बताया कि उसने इसी वर्ष सहसपुर स्थित एक इंटर कॉलेज से इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम देखकर खिले सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों के चेहरे

**कांठ।** मंगलवार को सी०बी०एस०ई० का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सेन्ट पॉल्स इन्टरनेशनल स्कूल काँठ में कक्षा-12 साइंस वर्ग में किंजल प्रजापति ने 96 प्रतिशत अंक, कला वर्ग में आफिया परवेज ने 96 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग में दक्ष ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा-10 में लक्ष्य नैन ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय में कक्षा-12 में भव्या विश्नोई ने 92 प्रतिशत, खुशी ने 90 प्रतिशत, संजीव ने 88 प्रतिशत, कर्णिका विश्नोई ने 87 प्रतिशत तथा शुभ ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा-10 में सृष्टि विश्नोई ने 94 प्रतिशत, हर्षित और आराध्या ने 92 प्रतिशत, मौ शारिक ने 90 प्रतिशत, मिष्ठी विश्नोई ने 89 प्रतिशत तथा वासु ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक जितेन्द्र विश्नोई तथा मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएँ दी।



### पार्थ हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. वीरेश सिंह को किया गया सम्मानित

**चन्दौसी।** बीते दिन बरेली में क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह दर्जा प्राप्त मंत्री ने चंदौसी से गए हुए पार्थ हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर डॉ बीरेश सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह, कुंदरकी से रामवीर सिंह, प्रिंस सिंह विधायक आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए 'जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, रामनगर, उत्तराखंड और माँ गर्जिया देवी मंदिर' भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। स्कूल ऑफ साइंसेज के निद. ेशक डॉ. बी.के. सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रकृति, जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में प्रत्यक्ष रूप से समझने का अनुभव उपलब्ध कराना इस भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य रहा। इस भ्रमण कार्यक्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग के एम. एस.सी., बॉटनी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत कुल 24 विद्याथियों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के निर्देशन व उनकी सुविधा हेतु 7 शिक्षकगण एवं 3 शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण भी भ्रमण के दौरान उपस्थित रहे। भ्रमण की शुरूआत में विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को दृष्टिगत् रखते हुए माँ गर्जिया देवी मंदिर स्थल पहुँचकर वहां के पहाड़ों, नदी के



निर्मल जल आदि अलौकिक प्राकृतिक वातावरण का अनुभव करने के साथ ही माँ गर्जिया देवी मंदिर के सम्बन्ध में धार्मिक और सांस्कृतिक आस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इस प्रकार की शैक्षणिक गति. विधियों को भविष्य में भी आयोजित कराने पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक समेत डॉ. अशोक कुमार, डॉ. पूजा नारंग, डॉ. समीर चंद्रा, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. उदित यादव, डॉ. वंदना आनंद एवं सुश्री मीनू आदि शिक्षकों समेत श्री हरिओम शर्मा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं डीआईजी श्री मुनिराज की उपस्थिति में आयुक्त सभागार में वर्ष 2025 की द्वितीय मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने परियोजना निदेशक एनएचएआई को हाईवे पर उचित प्रकाश व्यवस्था एवं साईनेज /इंडीकेटर



लगवाने हेतु संबंधित कार्यवाही को करने के निर्देश दिऐ। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में हाईवे पर ई-रिक्शा न चले इसको सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहर एवं हाईवे की रोड पर वाहन पार्क न होने पाये इसको अधिकारी सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने परियोजना निदेशक एनएचएआई को खराब क्रेन को चौक करवाने, ब्रेथ एनलाइजर एवं हाईवे पर एम्बलूंसो की ससमय उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में मण्डलायुक्त/अध्यक्ष द्वारा मण्डल के समस्त जनपदों में मानक के अनुसार निर्धारित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठकें कराने हेतु निर्देशित किया गया। संभाग के समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉट के संबंध में मण्डलायुक्त द्वारा सभी ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ-साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये, जिसमें मार्किंग, रोड साइनेज, स्पीड टेबल पर मार्किंग आदि हेतु निर्देशित किया गया। सोलेशियम स्कीम के अन्तर्गत मिलने वाली सहायता के संबंध में अवशेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की संख्या, मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या में कमी लाने हेतु मण्डल के समी जिलों में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनपद मुरादाबाद में सोलेशियम स्कीम के अधिक प्रकरण लंबित होने के कारण सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद को तत्काल प्रकरण निस्तारण तथा मण्डल के अन्य समस्त जिलों को भी लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में श्री अनुज कुमार सिंह जिलाधिकारी मुरादाबाद, सतपाल अंतिल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद, श्री दिव्यांशु पटेल नगर आयुक्त, मुरादाबाद, श्री सर्वेश कुमार गुप्ता अपर आयुक्त (प्रशासन) मुरादाबाद, श्री अनुभव सिंह वीसी (एमडीए) मुरादाबाद, श्री अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त मुरादाबाद नगर निगम, श्री सुभाष गंगवार पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुरादाबाद, श्री प्रणव झा संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद, श्री आनन्द निर्मल सहायक संभारगीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद, श्री महेश कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अमरोहा, श्री गौरी शंकर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर, श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) रामपुर, श्री प्रवेश कुमार सरोज, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) संभल राजवती, एआरएम मुरादाबाद, विनोद पाण्डेय, पंचायती मुरादाबाद आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### पिता की पुण्य स्मृति में किया भोजन वितरण कार्यक्रम

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी द्वारा नि:शुल्क भोजन वितरण की श्रृंखला में मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नवमा नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया। क्लब के कोषाध्यक्ष रो. मोहित अग्रवाल (सोनू सर्राफ) और उनके परिवारजनों सुमित अग्रवाल, रुपाली अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल द्वारा अपने स्वर्गीय पिताजी रामचन्द्र अग्रवाल की पुण्य स्मृति में कराया गया। इस अवसर पर अस्तपताल के स्टाफ समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भोजन ग्रहण किया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष अमित अप्पू, क्लब सचिव अतुल गुड्डू, कोषाध्यक्ष मोहित सर्राफ, भुवनेश वार्ष्णेय, गिरीश हीरो, विनय अग्रवाल, टीटेश काका, प्रदीप वार्ष्णेय, कमल किशोर, संजय अग्रवाल, राहुल टनाटन, पवन वार्ष्णेय, लोकेश वार्ष्णेय, विकास मेन्था, शरद गुप्ता, विपुल गुप्ता, संजीव अग्रवाल, नितिन राहोली, हैप्पी आर्य, विशाल अग्रवाल, मोहित जैन, दीपेश गुप्ता, राहुल अग्रवाल, स्वाति, सुभ्रा, रुपाली, गार्गी, श्वेता अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।




# विश्व प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंसी कंपनी ने दिया टिमिट के 5 विद्यार्थियोंको ज्वाइनिंग का ऑफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट ने छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। देश-विदेश में मशहूर चार्टर्ड अकाउंटेंसी कंपनी-"लवी मेहरोत्रा एंड एसोसीएट्स" ने एमबीए 2025 पासिंग आउट बैच के 5 विद्यार्थियों को सेलेक्ट कर ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किये है। यह टिमिट के एमबीए छात्र-छात्राओं के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करने का अनुपंम अवसर है। यह टिमिट के सर्वोत्तम सिलेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सवोत्तम फैकल्टिज व प्लेसमेंट सेल के अथक प्रयासो का परिणाम है कि नामी गिरामी चार्टर्ड अकाउंटेंसी कंपनियाँ भी टिमिट के छात्रों को चयन करने को वरीयता प्रदान करती है। एलएमए की ओर से सीनियर पार्टनर श्री लवी मेहरोत्रा जी ने कम्पनी व जॉब



अनिकेत | पारूल शर्मा | प्रतीक जौहरी | शिवांगी चौधरी | अफशान

प्रोफाइल के बारें में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों के 4 सिलेक्शन राउंड आयोजित किये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के एमबीए के 4 व बीकॉम के एक विद्यार्थी को अंतिम रूप से ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किये गये चयनित भाग्यशाली छात्रों को कंपनी नें नई दिल्ली स्थित अपने ऑफिस ज्वाइन करने हेतु आमंत्रित किया है। भाग्यशाली चयनित विद्यार्थी एमबीए के अनिकेत, पारूल शर्मा, प्रतीक जौहरी और शिवांगी चौधरीव बीकॉम के अफशान ने इस उपलब्धि का श्रेय प्लेसमेंट सेल की उत्तम क्रिया प्रणाली व अकाउंटेंसी में महारत हासिल करने के लिये सर्वोत्तम फेकल्टिज को प्रदान किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा कोर इंडस्ट्रीज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहत. रीन मेनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार कर अच्छा करियर बनाना है। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है इस अवसर पर सीआरसी के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनसये दी। व कहा कि बदलते परिदृश्य में छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड रहा है व हर छात्र-छात्रा पूरी तैयारी व मनोबल के साथ प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए।

# तीसरे पक्ष की जगह नहीं

भारत–पाकिस्तान के बीच यूं तो सीजफायर हो गया और यह भी जायज है, लेकिन सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह का श्रेय ले रहे है वह बेहद अटपटा सा ही है। कभी वह कहते है कि भारत–पाकिस्तान को मनाने के लिए उन्होंने काफी गंभीर प्रयास किए और दोनों देशों के नेताओं की इस बात के लिए भी तारीफ करते है कि उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और विवेकपूर्ण सोच के चलते ही सीजफायर संभव हो पाया, लेकिन एक चीज जो उन्होंने कही वह बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं भारत–पाकिस्तान के साथ मिलकर यह देखने कि कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। सवाल यह है कि कश्मीर का मुद्दा अचानक कहा से आ गया। उनके इस बयान को लेकर भारत में तरह–तरह के सवाल उठना सवभाविक है जो उठ भी रहे है। क्योंकि भारत का स्टैंड कश्मीर को लेकर बिलकुल साफ रहा है और उसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। भारत ने बार–बार कहा है कि भारत–पाक के बीच किसी भी विवाद को सुलझाने में वह किसी भी तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के स्टैंड को जानते हुए भी अपनी टांग क्यूं फंसा रहे है। बात तो इस समय आतंकवाद पर होनी चाहिए थी, लेकिन ट्रम्प साहब कश्मीर को बीच में ले आए। जाहिर है यह अमेरिका की दौहरी नीति ही कही जाएगी। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति को सीजफायर का श्रेय देना ही चाहिए इसमें कोई समस्या भी नहीं है दो देशों के बीच में सुलह कराना अच्छे कार्य ही माना जाएगा, लेकिन किसी अच्छे कार्य करने की आड़ में एक नए विवाद को जन्म देना यह कुटिल चालाकी ही कहा जाएगा। यहीं कारण है कि भारत ने तुरंत इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और अमेरिका को भी साफ समझा दिया है कि वह कश्मीर विवाद में ना पड़े। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जम्मू–कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं है और इस मुद्दे को भारत–पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। साथ ही जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। क्योंकि उनकी नजर में यही मामला एक लम्बित मामला है और इसी पर विवाद बना हुआ है और कभी जब भी बात होगी तो वह पीओके पर ही होगी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने माना कि 7 मई से 10 मई के बीच गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति को लेकर भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत होती रही, लेकिन इस बातचीत में कभी व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। जाहिर है कि जायसवाल ऐसा कह रहे थे तो वह डोनाल्ड ट्रम्प के 12 मई को दिए उस बयान का हवाला दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के नेताओं से उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि वह सीजफायर के लिए तैयार नहीं होते है तो अमेरिका उनके साथ व्यापार में मदद नहीं करेगा। मलतब साफ है कि व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों पर काम कर गई। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया।

## सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे



पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे, कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेयी सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था, कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी, इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए, क्या सरकार अब पहलगाम हमले को लेकर एनआईए की जांच के बावजूद इसी तरह का एक स्वतंत्र और व्यापक विश्लेषण के जरिये विस्तृत आकलन कराएगी।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# घरेलू कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनें






**घरेलू कर्मचारियों की आर्थक स्थिति अक्सर कमजोर होती है और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, इसलिए उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है, कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है**

भारत में घरेलू कर्मचारी, जिन्हें आमतौर पर नौकर, बाई, या हेल्पर के रूप में जाना जाता है, कई परिवारों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में, ये कर्मचारी घरों की सफाई, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल, और अन्य आवश्यक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हालांकि, उनके साथ व्यवहार करने का तरीका अक्सर सामाजिक, आर्थिक, और नैतिक सवाल उठाता है। आज के माहौल में ज़रूरत इस बात की है कि घरेलू कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक, निष्पक्ष, और संवे. दनशील व्यवहार कैसे किया जाए ताकि एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण बनाया जा सके।

घरेलू कर्मचारी भी, भले ही उनकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति अलग हो, सम्मान के हकदार होते हैं। भारत में, जहां सामाजिक वर्ग–भेद अभी भी प्रचलित है, यह महत्वपूर्ण है कि हम कर्मचारियों को केवल 'नौकर' के रूप में न देखें, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में समझें, जिनके पास अपनी भावनाएं, जरूरतें, और आकांक्षाएं हैं। कर्मचारी को 'बाई' या 'कामवाली' जैसे सामान्य शब्दों के बजाय उनके नाम से पुकारें तो यह एक छोटा–सा कदम उनके प्रति सम्मान दर्शाता है। कठोर शब्दों या आदेशात्मक लहजे से बचें। उनकी मेहनत को सराहें और धन्यवाद देना न भूलें। उनके व्यक्तिगत जीवन, परिवार या आर्थिक स्थिति के बारे में अनावश्यक सवाल न पूछें। अगर वे स्वयं कुछ साझा करना चाहें, तो सहानुभूति के साथ सुनें।

घरेलू कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अक्सर कमजोर होती है, और वे अपने परिवार का भरण–पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए, उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। अपने क्षेत्र के नियमों का पालन करें और बाजार दर के अनुसार वेतन दें। यदि संभव हो, तो समय–समय पर उनकी वेतन भी बढ़ाएं। कर्मचारियों को अनिश्चित समय तक काम करने के लिए मजबूर न करें। उनके साथ स्पष्ट रूप से कार्य का समय और जिम्मेदारियां तय करें। उन्हें साप्ताहिक अवकाश, त्योहारों पर छुट्टी, और आपातकालीन स्थिति में अवकाश देने का प्रावधान करें। बीमारी या पारिवारिक जरूरतों के लिए भी लचीलापन दिखाएं। घरेलू कर्मचारी आपके लिए काम करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और आराम का ध्यान रखना आवश्यक है। सुनिश्चित करें कि आपके घर में कोई खतरनाक उपकरण या रसायन कर्मचारी की पहुंच में न हों। उन्हें उपकरणों का उपयोग करने की ट्रेनिंग दें। उन्हें पीने का साफ पानी, बैठने की उचित जगह और यदि वे लंबे समय तक काम करते हैं, तो भोजन भी उपलब्ध कराएं। गर्मियों में पंखे या कूलर और सर्दियों में गर्म कपड़े जैसी मौसमी सहायता देने पर भी विचार करें। यदि संभव हो, उनके लिए स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा खर्चों में सहायता प्रदान करें। यह न केवल धर्मार्थ कार्य है, बल्कि ऐसा करने से आपके और उनके बीच सौहार्द भी बढ़ता है। घरेलू कर्मचारियों के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाए रखने के लिए खुला और स्पष्ट संवाद जरूरी है। यदि कर्मचारी अपनी समस्याएं या सुझाव साझा करना चाहें, तो उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनें। उनकी राय को महत्व दें। कर्मचारियों पर अनावश्यक शक न करें। यदि कोई गलती हो, तो उसे शांतिपूर्वक और सम्मानपूर्वक संबोधित करें। कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार अच्छा है, लेकिन अत्यधिक व्यक्तिगत होने से बचें। स्पष्ट सीमाएं दोनों पक्षों के लिए सहजताबनाए रखती हैं।

भारत में घरेलू कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर कानून धीरे–धीरे बेहतर हो रहे हैं। नियोक्ता के रूप में, आपको इन कानूनों का पालन करना चाहिए। घरेलू कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा और कार्यस्थल पर भेदभाव से मुक्ति जैसे अधिकार प्राप्त हैं। इनका उल्लंघन न करें। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को घरेलू कार्य के लिए नियुक्त करना अवैध है। यह सुनिश्चित करें कि आपके कर्मचारी वयस्क हों। यदि संभव हो तो कर्मचारी के साथ एक साधारण लिखित अनुबंध बनाएं, जिसमें वेतन, कार्य घंटे, अवकाश और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। जिससे बाद में किसी भी तरह का विवाद न हो। घरेलू कर्मचारी भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। फिर भी वे अक्सर उपेक्षित रहते हैं। नियोक्ता के रूप में आप उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं। यदि आपके कर्मचारी या उनके बच्चे पढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें स्कूल या प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने में मदद करें। उनके कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अपने घर के छोटे–मोटे उत्सवों में शामिल करें, जैसे कि जन्मदिन या अन्य त्योहार। इससे उन्हें अपनापन महसूस होता है। यदि आप देखते हैं कि अन्य लोग घरेलू कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं, तो इसका विरोध करें और जागरूकता फैलाएं।

कभी–कभी कर्मचारियों के साथ आपके बीच मतभेद या अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनका समाधान शांतिपूर्वक और समझदारी से करना चाहिए। यदि कर्मचारी कोई गलती करता है, तो उसे डांटने के बजाय समझाएं और सुधरने का अवसर दें। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कर्मचारी शहरी जीवनशैली से अपरिचित हो सकते हैं। उन्हें धैर्यपूर्वक समझाएं और प्रशिक्षित करें। यदि कोई बड़ा विवाद हो, तो परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य या तटस्थ व्यक्ति की मदद लें। घरेलू कर्मचारियों के साथ व्यवहार केवल एक मालिक–कर्मचारी संबंध तक सीमित नहीं है। यह मानवता, करुणा, और सामा. जिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। भारत जैसे देश में, जहां सामाजिक और आर्थिक असमानताएं गहरी हैं, घरेलू कर्मचारियों के प्रति हमारा व्यवहार समाज में बदलाव लाने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। सम्मान, उचित पारिश्रमिक, सुरक्षा, और संवाद के माध्यम से, हम न केवल उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि अपने घरों में भी सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण वातावरण बना सकते हैं। आइए, हम सभी मिलकर एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करें, जहां हर मेहनतकश व्यक्ति को वह सम्मान और अधिकार मिले, जिसका वह हकदार है। आज से 50 वर्ष पूर्व हिंदी की एक प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका में लेख छपा था, 'चाकरी धर्म सबसे मुश्किल'। उसकी कुछ पंक्तियां मुझे याद आ रही हैं। 'आपका सेवक अगर ज़ोर से बोले तो आप कहते हैं कि सिर पर क्यो चढ़ा आ रहा है? धीरे से बोले तो आप कहेंगे कि ज़ोर से क्यों नहीं बोलता? क्या मुंह में दहीं जमा है? अगर वो काम में फुर्ती दिखाए और समझदारी की बात करे तो आप कहते हैं कि ये बड़ा चलता पुर्जा है। अगर काम में सुस्ती दिखाए और कम समझदारी की बात करे तो आप उसे अपमानजनक उपमा देकर सबके सामने उसका मज़ाक़ उड़ाते हैं।' इसलिए कहते हैं कि सेवा का कार्य सबसे कठिन होता है।

# महामारी संधि के लिए एकजुटता, अमेरिका बाहर

स्रोत फीसर्च

**Covid-19 के दौरान वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई, संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है**

तीन साल की बातचीत के बाद, दुनिया के देशों ने आखिरकार एक ऐतिहासिक संधि पर सहमति जताई है, जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए बेहतर तैयारी करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा समर्थित नई वैश्विक संधि, कोविड–19 महामारी के दौरान हुई गलतियों से सीखकर, खासकर टीकों, दवाओं और सूचनाओं के आदान–प्रदान को बेहतर बनाने की कोशिश है। संधि का मुख्य उद्देश्य महामारी से निपटने के तरीकों को त्वरित और निष्पक्ष बनाना है एवं देशों को एकजुट करना है। गौरतलब है कि इस समझौते से एक महत्वपूर्ण पक्ष, यानी अमेरिका, गायब है। शुरुआती बातचीत में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, अमेरिका ने इन वार्ताओं से दूरी बना ली है। फिर भी, अधिकांश देशों ने लोगों की भलाई के लिए समझौता वार्ता को जारी रखा। संधि की कुछ मुख्य बातें यहां दी प्रस्तुत हैं।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा

संधि की पहली सहमति स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बेहतर सुरक्षा देने से सम्बंधित है। कोविड–19 संकट के दौरान, अग्रिम पंक्ति के कई कार्यकर्ताओं (डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन वगैरह) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की गंभीर कमी का सामना करना पड़ा था। संधि में इन अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर नीतियां बनाने की बात की गई है ताकि उन्हें सही उपकरण, प्रशिक्षण और समर्थन मिल सके। उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर स्वास्थ्य कार्यकर्ता बीमार पड़ते हैं तो पूरी स्वास्थ्य प्रणाली ठप हो जाती है।

### नए टीकों व दवाओं को मंजूरी

संधि देशों से आव्हान करती है कि नए टीकों और दवाओं के परीक्षण और मंजूरी प्रक्रिया को, सुरक्षा से समझौता किए बगैर, गति दें। इसका उद्देश्य वैश्विक प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है ताकि जीवन रक्षक उपचार लोगों तक जल्दी पहुंच सकें। इसके लिए संधि में देशों को अपनी दवा नियामक प्रणालियां मज़बूत करने का सुझाव दिया गया है।

### छलकने को थामना

कई महामारियां, जैसे कोविड–19, तब शुरू हुई जब वायरस जीवों से मनुष्यों में पहुंचे। इसे (छलकना) 'स्पिलओवर कहा जाता है। संधि में ऐसे स्पिलओवर का खतरे कम करने के लिए अधिक निवेश का सुझाव है। इसमें जंतुओं में रोगों की निगरानी, वन्यजीव व्यापार पर सख्त नियंत्रण और जीवित जंतुओं के बाज़ारों में स्वच्छता और निगरानी में सुधार शामिल है।

### त्वरित डैट साझेदारी

कोविड–19 के दौरान, वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई। संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है, ताकि दुनिया भर के वैज्ञानिक मिलकर उपचार विकसित कर सकें।

### पहुंच में समता

पिछली महामारी में, समृद्ध देशों ने ज़रूरत से ज्यादा टीके जमा कर लिए थे, जबकि गरीब देशों को बहुत लंबा इंतज़ार करना पड़ा था। अमीर हो या गरीब, संधि सभी देशों को टीका, उपचार और निदान का उचित हिस्सा, उचित समय पर देने की बात करती है। संधि में उत्पादकों को टीकों वगैरह का एक हिस्सा आपातकालीन स्थितियों में आपूर्ति हेतु दान करने या सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

इस संधि की मुख्य बात यह है कि यह कोविड–19 महामारी के अनुभव से जन्मी है। जिन देशों के पास टीका कारखाने थे, उनके पास टीकों की भरपूर खुराकें थीं, जबकि गरीब देशों को टीके मुश्किल से मिल रहे थे। यदि टीकों का समान वितरण होता तो लाखों संक्रमण और जानें बचाई जा सकती थीं। इसी समस्या के मद्देनज़र, डब्ल्यूएचओ के 194 सदस्य देशों ने दिसम्बर 2021 में एक वैश्विक संधि का मसौदा तैयार करना शुरू किया, ताकि भविष्य में ऐसी दिक्कतों से बचा जा सके।

संधि पर सहमति तक पहुंचना आसान नहीं था। वार्ता में सबसे मुश्किल मुद्दा समानता का था: यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि जो गरीब देश खतरनाक वायरस की जानकारी साझा करें, उन्हें उस जानकारी के आधार पर विकसित टीकों और उपचारों तक भी समान पहुंच मिले। इससे एक नया सिस्टम बना–रोगजनकों तक पहुंच व लाभों की साझेदारी (च्ंजीवहमद ।बबमे ंदक ठमदमपिजे ैंतपदह – चंठै)। इसे इस तरह समझेंरू अगर कोई देश नया वायरस खोजता है और उसे पूरी दुनिया वैज्ञानिकों के साथ साझा करता है तो उसे इसके खिलाफ विकसित टीकों व दवाइयों का एक उचित हिस्सा मिलना चाहिए। न सिर्फ टीके मिलना चाहिए बल्कि टीका तैयार करने की विधि भी मिलना चाहिए ताकि ऐसे देश खुद अपना टीका बना सकें। एक और प्रमुख बहस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बारे में थी। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को अपनी खुद की दवाइयां और टीके बनाने के लिए सहायता प्रदान करना है। कई निम्न–आय वाले देशों का मानना था कि उन्हें भविष्य में महामारी के दौरान समृद्ध देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, और उन्हें खुद को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए।

लेकिन यह कैसे हो? प्रारंभिक मसौदों में कहा गया था कि प्रौद्योगिकी 'आपसी सहमति से तय शर्तों' पर साझा की जाएगी। हालांकि, कुछ समृद्ध देशों ने इसमें 'स्वैच्छिक' शब्द जोड़ने की इच्छा जताई, जिसका मतलब था कि किसी भी देश को प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। गरीब देशों के लिए यह अस्वीकार्य था क्योंकि उन्हें डर था कि इससे संधि कमज़ोर हो जाएगी और भविष्य के लिए गलत मिसाल बनेगी। लंबी चर्चाओं के बाद, दोनों पक्षों ने 'आपसी सहमति से तय शर्तों' शब्द को बरकरार रखा और एक फुटनोट जोड़ा, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि इसका मतलब 'इच्छा से लिया गया' है।

# झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देना ठीक नहीं







**हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है**

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में 'तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम' अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 'भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने' की जानकारी दी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीजफ़ायर पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं। यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किए जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गई परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है।

परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाए वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिए इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है,अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। खुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाए गए मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यूट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी श्गोदी चैनल्स की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहां तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी। पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गई थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि ऑपरेशन सिन्दूर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान–अधिकृत कश्मी में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 पीओके में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर फ़ैसले के साथ एकजुट है।

मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियां उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें, ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिए इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गए। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था।

# डार्क सर्कल्स कम करने के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे

डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या कम करने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करते ही डार्क सर्कल्स की समस्या दोबारा शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप इस समस्या को कम करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकती हैं। दरअसल, हम आपको 2 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से यह समस्या कम हो सकती है।

### खीरे का इस्तेमाल...

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए खीरे का इस्तेमाल भी किया जाता है। खीरे में कई गुण पाए जाते हैं। इसमें एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि चेहरे की सूजन, कालेपन और डार्क सर्कल को कम करने में सहायता करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले खीरे के पतले–पतले स्लाइस काट लें।
- अब इन स्लाइस को फ्रिज में रख दें।



- फिर इन स्लाइस को आंखों के ऊपर रखें।
- सप्ताह में 2–3 बार इसका उपयोग करना चाहिए।

### बादाम तेल से मालिश करें

बादाम का तेल स्किन से जुड़ी समस्या को खत्म करने के अलावा डार्क सर्कल को कम करने में भी उपयोगी माना जाता है। बादाम के तेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई पाया जाता है, जोकि स्किन संबंधी समस्या को कम करने में सहायक होता है। यह तेल स्किन में नमी बनाए रखने में भी मदद करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले एक कटोरी में बादाम का तेल लें।
- फिर इस तेल को डार्क सर्कल्स वाली जगह पर लगाएं।
- अब हल्के हाथों से मसाज करें।
- सप्ताह में 2–3 दिन बार इस उपाय को करने से आपको जल्द ही रिजल्ट मिलेगा।

## पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया खुलासा

# पाकिस्तान ने तोड़ी चुप्पी, 11 सैनिकों की मौत स्वीकारी

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान के सभी प्रोपेगैंडा को ध्वस्त करने के बाद भी पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने मंगलवार को एक बार झूठा दावा करते हुए कहा कि भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के दौरान 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए, जबकि भारत ने सबूतों के साथ बताया था कि उसकी कार्रवाई में पाकिस्ताप के 35 से 40 सैनिक मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मिट्टी में मिलाया। एक बयान में पाकिस्तानी सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। भारत और पाकिस्तान ने चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक समझौता किया था। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के 11 कर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। हताहतों में स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, मुख्य तकनीशियन औरंगजेब, वरिष्ठ तकनीशियन नजीब, कॉर्पोरल तकनीशियन फारूक और वरिष्ठ तकनीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हमले में मारे गए सैन्य कर्मियों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मुहम्मद अदील अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं। सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को सात महिलाओं और 15 बच्चों सहित 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि जवाब में पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने बुनयान उल मरसूस के माध्यम से प्रतिशोधी हमले किए। पाकिस्तान के सशस्त्र बल, पाकिस्तान के लोगों के साथ मिलकर मृतक नागरिकों और सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हैं।

## मोदी के भाषण को पाक ने भड़काऊ कहा

**इस्लामाबाद।** पीएम मोदी के आदमपुर एयरबेस पर दिए भाषण को लेकर पाकिस्तान ने टिप्पणी की है। पाकिस्तान के फारेन ऑफिस (एफओ) ने बयान जारी कर कहा कि मोदी की बातों में गलत जानकारी, राजनीतिक फायदा उठाने की को. शिश और अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी साफ दिखती है। एफओ ने कहा कि मोदी की टिप्पणियां बताती हैं कि उन्होंने अपने हमलों को सही ठहराने के लिए झूठी कहानियां गढ़ी हैं। बयान में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान संघर्ष विराम के समझौते का पालन कर रहा है और तनाव कम करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि भारत के हमले ने पाकिस्तानी लोगों को एकजुट किया है। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने पहली बार माना कि भारत के हमलों में उनके 11 सैनिकों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 78 सैनिक भी घायल हुए हैं।

हालांकि, पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे पाकिस्तान ने आतंक के खिलाफ लड़ाई के जवाब में भारत के मासूम नागरिकों को निशाना बनाया। भारत की ओर से पेश किए गए सबूतों के आधार पर पड़ोसी का नापाक चेहरा दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

## देश से किया वादा पूरा किया: पाक आर्मी चीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा कि भारतीय सेना को जवाब देने का देश से किया गया वादा उन्होंने पूरा किया है। मिनट मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर ने कहा- छोटी सेना अक्सर बड़ी सेना पर भारी पड़ती है। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं। हमारी सेना और पाकिस्तान के लोग किसी भी आक्रमण के खिलाफ स्टील की दीवार की तरह एकजुट होकर खड़े हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा, ष्भारत हमें डरा नहीं सकता, चाहे उसके पास कितने भी हथियार हों या वह कितनी भी बड़ी सेना होने का दावा करे।

### उफ गर्मी



आगरा में ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर एक मंदिर के पुजारी श्रद्धालुओं को चिलचिलाती गर्मी से राहत देने के लिए पानी पिलाते हुए।

## पाकिस्तान जेलों से 330 अफगान कैदी रिहा किए

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 330 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान ने पिछले एक सप्ताह के दौरान 330 कैदियों को रिहा किया। मंत्रालय ने बताया कि ए बंदी पिछले सप्ताह दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के जरिए अफगानिस्तान लौट आए। पिछले एक साल में पाकिस्तान ने जेलों में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। लगभग 70 लाख अफगानिस्तानी शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश बिना दस्तावेज के गए प्रवासी हैं, वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार लगातार अफगानिस्तानी शरणार्थियों से विदेश में शरणार्थी



के रूप में रहना बंद करने और अपने युद्ध-ग्रस्त देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए स्वदेश लौटने का आह्वान कर रही है।

## अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के मुताबिक रीटेलिएटरी यानी जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका अपने बिजनेस सेफ्टी का हवाला देते हुए इन प्रोडक्ट्स पर 2018 से टैरिफ वसूल रहा है। डब्ल्यूटीओ के अनुसार, इससे भारतीय उत्पाद के 7.6 बिलियन डालर (करीब रु. 64,512 करोड़) के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें करीब 1.91 बिलियन डालर (करीब रु. 16,213 करोड़) का ड्यूटी है। 23 मार्च 2018 को अमेरिका ने भारत के स्टील प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स पर 10प्रतिशत टैरिफ लगाया था। जनवरी 2020 में इसे आगे के लिए बढ़ा दिया था। इस साल 10 मई को अमेरिका ने इंपोर्ट ड्यूटी को रिवाइज कर दोनों उत्पादों (एल्युमिनियम और स्टील) पर 25 प्रतिशत कर दिया, जो कल यानी 12 मई से लागू है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को बताया है कि स्टील, एल्युमीनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में कुछ रियायतों को समाप्त कर देगा। इससे पहले अप्रैल में भारत ने नए टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद डब्ल्यूटीओ के सेफ गार्ड एग्रीमेंट के तहत अमेरिका से बातचीत करने की बात कही थी। इसके जवाब में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बताया कि टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे, उन्हें सेफ गार्ड उपायों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने अमेरिकी टैरिफ को सेफ गार्ड उपाय माना है।

## ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज ने मंत्रिमंडल के साथ ली शपथ

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में हुए संघीय चुनाव में लेबर पार्टी दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुई है और दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके मंत्रियों ने शपथ ली है। कैनबरा में गवर्नमेंट हाउस में मंगलवार सुबह आयोजित समारोह में ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश राजशाही के प्रतिनिधि गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन ने अल्बनीज, उनके मंत्रिमंडल, विद. ेश मंत्रालय और सहायक मंत्रियों को आधिकारिक तौर पर उनकी भूमिकाओं की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मंत्रालय के 42 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि वे अपने-अपने कार्यालयों में ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल की अच्छी तरह और सही मायने में सेवा करेंगे। बयालीस सदस्यों में कैबिनेट के 23



सदस्य, सरकार के सबसे आंतरिक गर्भगृह, बाहरी मंत्रालय के सात सदस्य और 12 सहायक मंत्री शामिल हैं। अल्बानी के पहले कार्यकाल के अंत से कैबिनेट और बाहरी मंत्रालय में काफी हद तक कोई बदलाव नही हुआ है, जिसमें उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस, कोषाध्यक्ष जिम चाल्मर्स और विदेश मंत्री पेनी वोंग सहित अधिकांश वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता अपनी भूमिकाओं में बने हुए हैं। अल्बनीज़ ने मंत्रियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रियों और पार्टी के पास ऑस्ट्रेलिया को बेहतर बनाने के लिए असाधारण अवसर है। उन्होंने कहा, चुनाव के साथ मेरी सरकार पर जो भरोसा जताया गया, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं और हम निश्चित रूप से इसे हल्के में नहीं लेंगे। अल्बनीज़ के पिछले मंत्रालय में किए गए बदलावों में से एक मिशेल रोलैंड को अटॉर्नी-जनरल के रूप में नियुक्त करना है, जो मार्क ड्रेफस की जगह लेंगे, जिन्हें गुटीय वार्ता के कारण पूर्व विज्ञान और उद्योग मंत्री एड ह्यूसिक के साथ मंत्रालय से हटा दिया गया है। नए मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिए एक नए सहायक मंत्री की भूमिका भी शामिल है, जिसे जूलियन हिल द्वारा भरा गया है।

## बांग्लादेश में गर्मी की आपातकालीन एडवाइजरी जारी

**ढाका।** बंगलादेश के एक बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण आपातकालीन परामर्श जारी कर लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षात्मक उपाय करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के कल यहां जारी एक परामर्श में विशेष रूप से बुजुर्गों, विकलांग लोगों, बाहर काम करने वालों, मोटापे से ग्रस्त लोगों और पुरानी बीमारियों विशेष रूप से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से पीड़ति लोगों को गर्मी और धूप के संपर्क में आने से बचने की चेतावनी दी गई। इस परामर्श में घर के अंदर और बाहर दोनों जगह अनावश्यक शारीरिक परिश्रम करने से बचने का आह्वान भी किया गया है। डीजीएचएस ने लोगों से अपने मूत्र के रंग पर नज़र रखने का भी आग्रह कर यह देखने को कहा कि कही उसका रंग गहरा पीला तो नही है।

## सुरक्षा प्रमुख की मौत की खबर के बीच लीबिया में झड़प

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच हिसक झड़पें हुईं। रिपोर्टों के अनुसार, ये झड़पें राष्ट्रपति परिषद से संबद्ध स्थिरता सहायता विभाग के प्रमुख अब्दुल-गनी अल-किकली उर्फ घ्घ्गनीवा की मौत की सूचना के बाद शुरू हुईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अल-किकली (घनीवा) की मौत त्रिपोली मिलिट्री ज़ोन से संबद्ध 444 ब्रिगेड के मुख्यालय में हुई। उनकी वहां मौजूदगी का कारण स्पष्ट नही है। इस घटना के साथ ही त्रिपोली के दक्षिणी इलाकों में भारी हथियारों से गोलीबा. री की आवाज़ें सुनी गईं और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पिछले कुछ घंटों में त्रिपोली और उसके आसपास सैन्य गतिविधियों के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें ज़ाविया, ज़्तिान और मिसराता शहरों से सशस्त्र गुटों को राजधानी की ओर बढ़ते देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के चिकित्सा आपातकालीन विभाग ने झड़पों के बाद पूर्ण अलर्ट की घोषणा की, जबकि गृह मंत्रालय ने त्रिपोली के निवासियों को उनकी सुरक्षा के लिए घर पर रहने की सलाह दी। मितीगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं और उन्हें 250 किमी दूर मिसराता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया है। इसके साथ ही त्रिपोली के कुछ हिस्सों में स्कूल भी बंद कर दिए। संयुक्त राष्ट्र लीबिया सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने त्रिपोली में तनाव कम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह त्रिपोली और पश्चिमी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों और बढ़ते तनाव पर करीबी से नजर रखे हुए है। मिशन ने सभी पक्षों से उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और संवाद के जरिए विवाद सुलझाने की अपील की है।



## ट्रम्प सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मिडिल ईस्ट दौरे के पहले दिन सऊदी अरब पहुंच गए हैं। इस दौरान सऊदी की वायुसेना ने उन्हें एयर स्पेस में एस्कार्ट किया। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को सऊदी की पारंपरिक काफी पिलाई गई। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प की यह पहली औपचारिक विदेश यात्रा है। इससे पहले वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 26 अप्रैल को वेटिकन पहुंचे थे। ट्रम्प कल यानी 14 मई को खाड़ी नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर कतर जाएंगे। 15 मई को ट्रम्प अपने दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे।

## यूक्रेन हमला, छह रूसियों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में कुल 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए हमलों पर राजदूत रोडियोन मिरोश्निक ने स्पुतनिक को बताया कि तीन दिवसीय युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में रिहायशी इमारतें, मेडिकल वाहन, आम नागरिकों की कारें और व्यापारिक ठिकाने क्षतिग्रस्त हुए। हमलों में 23 नागरिक घायल हुए, जिनमें से छह की मौत हो गई। कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने एचआईएमआरएस रॉकेट लांचर और विमान बमों जैसे भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, जबकि बेलगोरोड क्षेत्र में नौ मई को एक ड्रोन से स्थानीय प्रशासन की इमारत पर हमला किया गया। इस हमले में बेलगोरोड क्षेत्र के उप-गवर्नर अलेक्जेंडर लोरेन्ट्स और एक रूसी नेशनल गार्ड अधिकारी घायल हुए। पांच-11 मई के बीच यूक्रेनी हमलों में 21 लोग मारे गए, जबकि 70 लोग घायल हुए। यूक्रेनी बलों ने 2,636 से अधिक गोले दागे, जिनमें रॉकेट सिस्टम, आर्टिलरी शेल्स, ग्रेनेड, माइन और ड्रोन शामिल थे। मिरोश्निक ने कहा कि अधिकतर हथियार जो यूक्रेनी सेना ने नागरिकों पर हमलों के लिए इस्तेमाल किए, वे पश्चिमी देशों ने बनाए हैं। विजय दिवस से पहले, राष्ट्रपति पुतिन ने स्थानीय समयानुसार आठ मई मध्यरात्रि से 11 मई मध्यरात्रि तक युद्धविराम की घोषणा की थी।

# गाजा में नाकाबंदी, 57 बच्चों की भूख से मौत

### विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे





**गाजा सिटी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नही बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है, जो इस समय सामने आ रहा है। उल्लेखनीय है कि फलस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा युद्ध विराम को बढ़ाने की अमे. रिकी योजना को अस्वीकार किए जाने के बाद 18 मार्च को, इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू कर दिए।

## संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ: अल थानी

**दोहा।** कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कहा है कि इजरायल और फलस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते को कई उल्लंघनों के कारण पूरी तरह से लागू नहीं किया गया। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच तीन-चरणीय संघर्ष विराम समझौता जनवरी 2025 में अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता के साथ पार्टियों द्वारा किया गया था। हालांकि, मार्च में संघर्ष विराम का पालन नहीं किया गया। अल थानी ने द वाशिंगटन पोस्ट अखबार को बताया, एक मध्यस्थ के रूप में मैं यथासंभव किसी पक्ष की आलोचना न करने की कोशिश करता हूं, लेकिन पहले समझौते में कई समस्याएं और उल्लंघन हुए थे, जिससे हम पक्षों के बीच विश्वास जीतने की अनुम. ति नहीं दे सके और सौदे के दूसरे चरण को जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने पश्चिम एशिया के दौरे, जिसमें दोहा की यात्रा भी शामिल है के दौरान फलस्तीनी के पक्ष में बोलेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कुछ नहीं सुना, लेकिन यह अंतिम समाधान है। कतर शुरू से ही दो-राज्य समाधान में दृढ़ विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के साथ वार्ता के दौरान कई पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा हैं।

गौरतलब है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के साथ बैठक के बाद कहा था कि गाजा पट्टी में समझौते और बंधकों की रिहाई पर बातचीत जारी रखने के लिए 13 मई को कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा।

## अल जजीरा के संचालन पर हटा प्रतिबंध

**रामल्लाह।** फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अल जज़ीरा टीवी पर लगाए गए महीनों पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अब यह कतर आधारित मीडिया चैनल मंगलवार से फलस्तीनी क्षेत्रों में फिर से अपना संचालन शुरू कर सकेगा। यह घटना जनवरी में शुरू हुई जब फलस्तीनी प्राधिकरण ने अल जज़ीरा पर उकसावे और नागरिक शांति के लिए खतरे का आरोप लगाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब वेस्ट बैंक में अल जज़ीरा के ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-ओमारी ने पुष्टि की है कि स्थानीय नियमों और मीडिया प्रोटोकॉल के तहत उनकी टीम फिर से काम शुरू करेगी। फलस्तीनी प्रशासन ने अल जज़ीरा पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। अलजजीरा पर प्रतिबंध के फैसले की आलोचना अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संगठनों और मानवा. धिकार संस्थाओं ने की थी, इसे प्रेस की आज़ादी पर हमला बताया गया था। बहरहाल, प्रतिबंध हटाने की कोई आधिकारिक वजह नही दी गई, लेकिन माना जा रहा है कि यह क्षेत्रीय मीडिया के साथ तनाव कम करने की कोशिश है।